चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 132 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

05 नवंबर 2024 मंगलवार

आज का मौसम

30 अधिकतम

21 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

## कैबिनेट का फैसला: मध्यप्रदेश में महिलाओं को नौकरी में अब 35 फीसदी आरक्षण

# किसानों को लाइनों से बचाने नए खाद खरीदी केंद्र, बिजली संयत्र खत्म होंगे

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**



मप्र की मोहन यादव कैबिनेट ने आज किसानों को खाद खरीदी की लंबी लाइनों से बचाने के लिये 254 और नए उवर्रक केंद्र खोलने का निर्णय लिया है। इससे डिफाल्टर किसानों को इन नकद खाद खरीदी केंद्रों से खाद आसानी से मिल सकेगी। इसके अलावा सरकार ने तय किया है कि सारणी में सतपुडा ताप बिजलीघर के 830 मेगावाट क्षमता वाले चार बिजली संयंत्रो को डिकमीशन करके इन्हें सुपर क्रिटिकल संयंत्र में बदला जाएगा। कैबिनेट फैसलों की जानकारी देते हुए उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने बताया कि यह संयंत्र करीब चालीस साल पुराने हैं और इनकी कार्यक्षमता में कमी आ रही है। इसके अलावा कैबिनेट ने महिला सशक्तिकरण के लिये सरकारी नियुक्तियों में अब महिलाओं को 33 से बढ़ाकर 35 फीसद आरक्षण देने का निर्णय भी लिया है।

मेडिकल कॉलेजों में सहायक प्राध्यापकों की भर्ती आयु सीमा में दस वर्ष का इजाफा करने का प्रस्ताव भी मंजूर कर लिया है। कैबिनेट ने सहकारी समितियां को मजबूत करने का भी निर्णय लिया है। इसके लिए केंद्र सरकार से भी राशि सहकारिता विभाग को मिलेगी।

**7 दिसंबर को नर्मदापुरम में उद्योग समिट:** बैठक के दौरान मुख्यमंत्री यादव ने मंत्रियों को बताया कि हाल में रीजनल इंडस्ट्री समिट से सरकार को रोजगार व निवेश के मोर्चे पर बेहतर प्रतिसाद मिला है। गत माह की रीवा समिट से 28 हजार नये रोजगार के मौके सृजित हुए हैं। अब 7 दिसंबर को नर्मदापुरम में इस तरह की समिट होगी। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के प्रयास के रूप में राज्य शासन द्वारा गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया । अपनी संस्कृति के प्रति संवेदनशीलता को प्रकट करते इस नवाचार की सभी ओर सराहना हुई । गोवंश के प्रति प्रेम को प्रदर्शित करने वाले इस पर्व से प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन प्रदान करने में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि रीवा में उद्योगपतियों और निवेशको नें प्रदेश में गतिविधियों के संचालन में रुचि प्रदर्शित की है। रीवा में 31 हजार करोड़ के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए और लगभग 28 हजार रोजगार के अवसर सृजित हुए।

## सुप्रीम कोर्ट ने पलटा हाईकोर्ट का फैसला

# मदरसा कानून वैध 17 लाख को राहत

**नईदिल्ली, एजेंसी**



उप्र मदरसा कानून को असंवैधानिक बताने वाले इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने आज पलट दिया है। कोर्ट ने इस कानून को पूरी तरह से वैध करार दिया तथा हाईकोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए कानून को मान्यता दे दी । इससे पहले मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने 22 अक्तूबर को हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 22 मार्च के अपने फैसले में कानून को संविधान के खिलाफ और धर्मनिरक्षेता के सिद्धांत के खिलाफ बताया था। हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार से मदरसा में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को नियमित स्कूलों में दाखिला देने का निर्देश दिया था। अब मदरसों में पढ़ने वाले 17 लाख से अधिक छात्रों को राहत देते हुए सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ ने 5 अप्रैल को हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी थी, जिसमें उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 को रद्द कर दिया गया था। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा था कि मदरसों का नियमित करना राष्टीय हित में है।

सुप्रीम कोर्ट की नौ जजों की बेंच ने आज निजी संपत्तियों के अधिग्रहण पर भी बड़ा फैसला दिया। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि हर निजी संपत्ति को संविधान के अनुच्छेद 39(बी) के तहत सामुदायिक संपत्ति का हिस्सा नहीं माना जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले के साथ ही 1978 के जस्टिस कृष्णा अय्यर के उस निर्णय को पलट दिया, जिसमें कहा गया था कहा गया था कि सरकार आम भलाई के लिए सभी निजी संपत्तियों को अधिगृहित कर सकती है। सात न्यायाधीशों का बहुमत के फैसले में कहा कि सरकार के निजी संपत्तियों पर कब्जा कर सकने की बात कहने वाला पुराना फैसला विशेष आर्थिक, समाजवादी विचारधारा से प्रेरित था। हालांकि जस्टिव नागरत्ना ने फैसले से आंशिक असहमति जताई, वहीं न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया पूरी तरह असहमत रहे।

# अंबानी को तीन अरब डॉलर का फटका टॉप 10 रईसों की सूची से बाहर

**मुंबई . एजेंसी**



दुनिया के अधिकांश शेयर बाजारों में गिरावट के चलते दुनिया के टॉप 10 अमीरों में से नौ की नेटवर्थ में गिरावट आ गई है। भारत में भी शेयर बाजार में काफी गिरावट के चलते देश के दो सबसे बड़े रईसों मुकेश अंबानी और गौतम अडानी की नेटवर्थ में भी जबरदस्त गिरावट देखने को मिल रही है। दोनों की नेटवर्थ में कुल 4.78 अरब डॉलर यानी करीब 4 खरब रूपये की गिरावट रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में करीब तीन फीसदी की गिरावट से अंबानी को 2.72 अरब डॉलर का फटका लगा। इसी तरह अडानी की नेटवर्थ में 2.06 अरब डॉलर की गिरावट आई। अब ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी दुनिया के अमीरों की लिस्ट में एक स्थान फिसलकर 17वें स्थान पर आ गए हैं। उनकी नेटवर्थ अब 98.8 अरब डॉलर रह गई है और वह 100 अरब डॉलर क्लब से बाहर हो गए हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 2.42 अरब डॉलर की तेजी आई है। अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ अब 92.3 अरब डॉलर रह गई है। वह 18वें नंबर पर हैं।

**शेयर बाजार फिर लुढ़का:** इधर, आज भी शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला चल रहा है। मार्केट ओपन होने के साथ ही क्रैश हो गया। सेंसेक्स 240 अंक फिसलकर 78,542 के स्तर पर खुला, तो वहीं निफ्टी ने भी बेहद खराब शुरुआत की। कई बड़ी कंपनियों के शेयर खुलने के साथ ही धराशायी हो गए। कल की गिरावट से भी निवेशकों को करीब 7 लाख करोड़ का नुकसान हुआ है।

# आज अमेरिका में चुनाव, भारत सहित पूरी दुनिया की नजरें रहेगी

**नईदिल्ली, एजेंसी**



वाशिंगटन अमेरिका में आज राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान है। इस बार मुकाबला उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच है। ट्रम्प और हैरिस समर्थकों को मतदान केंद्रों तक लाने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं। वोटिंग जरूर आज है लेकिन माना जा रहा है कि नतीजों की घोषणा में कुछ दिन लग सकते हैं। नया राष्ट्रपति जनवरी में पद की शपथ लेगा। दोनों उम्मीदवारों का फोकस स्विंग स्टेट्स पर है। पॉप स्टार से लेकर कई हाई प्रोफाइल नेता कमला हैरिस के पाले में खड़े हैं जबकि एलन मस्क और मेल गिब्सन जैसी नामचीन हस्तियां ट्रंप के समर्थन में खड़ी हैं। अमेरिकी चुनाव प्रचार के आखिरी दिन ट्रंप ने स्विंग स्टेट्स नॉर्थ कैरोलिना, पेंसिल्वेनिया और मिशिगन में रैलियां कीं जबकि कमला हैरिस ने पेंसिल्वेनिया के फिलाडेल्फिया और पिट्सबर्ग में रैली की। दोनों उम्मीदवार स्विंग स्टेट्स में डेरा जमाए हुए हैं।

# अजगर ने जकड़ी गर्दन, वृद्ध की मौत



**मंडला.** रात के अंधेरे में अजगर ने एक वृद्ध पर हमला कर दिया और उसकी गर्दन कसकर जकड़ ली। जिस वजह से उसका सांस लेना मुश्किल हो गया और दम घुटने से मौत हो गई। बताया जाता है कि प्रेमलाल नामक वृद्ध से खेत की मेढ़ पर घास में छिपकर बैठा अजगर पैर में लिपट गया। जिससे वह हड़बड़ाकर वहीं गिर पड़े। इसके बाद अजगर ने धीरे-धीरे उनकी गर्दन को कसकर जकड़ लिया। जब वह घर नहीं लौटे तो, उनका दामाद खोजने गया। लेकिन यह नजारा देख वह सन्न रह गया। अजगर प्रेम लाल की गर्दन को लपेटे हुए था। युवक के शोर मचाने पर ग्रामीण पहुंच गए। उन्होंने जैसे-तैसे गर्दन से अजगर को छुड़ाया।

# डीजीपी की नियुक्ति के नियम बदल दिए योगी ने, खुद चुनेंगे पुलिस का मुखिया



**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में डीजीपी की तैनाती लंबे समय से केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच विवाद का विषय बनती रही है। अब उप्र के डीजीपी का चयन हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में गठित कमेटी करेगी। कमेटी में यूपीएससी द्वारा नामित एक व्यक्ति, उप्र लोक सेवा आयोग अध्यक्ष प्रमुख सचिव गृह, एक रिटायर्ड डीजीपी भी होगा। यह कमेटी स्थायी डीजीपी का चयन करेगी. कैबिनेट से पारित प्रस्ताव के अनुसार, नई व्यवस्था में बनाए गए डीजीपी का कार्यकाल 2 साल का होगा। दरअसल जुलाई में कार्मिक मंत्रालय की संतुति के बाद मुकुल गोयल को डीजीपी बनाया गया था, लेकिन 10 महीने बाद ही गोयल को उनके शिथिल पर्यवेक्षण के आधार पर हटा दिया था।

# सलमान खान को फिर मिली धमकी, माफी की मांग

**मुंबई.** अभिनेता सलमान खान को फिर जान से मारने की धमकी मिली है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम से मुंबई ट्रैफिक पुलिस को एक धमकी भरा संदेश भेजा गया है। इसमें सलमान खान से मंदिर जाकर माफी मांगने और पांच करोड़ रुपये देने की मांग की गई है। सूत्रों के मुताबिक धमकी में अभिनेता को दो रास्ते बताए गए हैं- जिंदा रहने के लिए माफी मांग लो या फिर पांच करोड़ रुपये दो। यह सलमान को एक हफ्ते में मिली दूसरी धमकी है। ट्रैफिक कंट्रोल रूम को भेजे गए संदेश में दावा किया गया है कि वह लॉरेंस बिश्नोई का भाई है।




**मेट्रो एंकर** सर्वे में पहली बार इंफ्लूएंसर्स को कैटेगरी के तौर पर शामिल किया

# मंत्री-अफसर, धर्मगुरू नहीं, भरोसे के पैमाने पर खरे उतरते हैं वेटर !

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारतीय जनमानस के बारे में बहुत दिलचस्प जानकारियां हाल में सामने आई हैं। आईपीएसओएस ग्लोबल ट्रस्टवर्दी इंडेक्स के अध्ययन में यह भी सामने आया है कि भारतीय लोग एक बार वेटर्स पर भरोसा कर लेंगे लेकिन वे पुलिस, नेता, मंत्री या सिविल सर्वेंटस पर आसानी से भरोसा नहीं करते हैं। आईपीएस ओएस फ्रांस की एक मल्टीनेशनल कंपनी है तथा मार्केट रिसर्च और कंसल्टेशन का काम करती है। यह अध्ययन बताता है कि भारत सहित पूरी दुनिया में डॉक्टर्स, टीचर्स और साइंटिस्ट्स पर सबसे ज्यादा भरोसा किया जाता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 32 देशों पर किए गए इस सर्वे में सभी देशों के लोगों ने सबसे ज्यादा भरोसा डॉक्टर्स पर दिखाया है। भारत में 57 फीसद लोग भी डॉक्टर्स पर ही भरोसा करते हैं। इसके अलावा सशस्त्र बल, साइंटिस्ट, जज और बैंकर्स पर भी भरोसा किया जाता है जबकि राजनेताओं और सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स पर दुनियाभर में लोग सबसे कम भरोसा करते हैं।



हालांकि एक और खास बात उभरी है कि जहां दुनियाभर में राजनेताओं, सिविल सर्वेंट्स और सरकारी मंत्रियों पर ज्यादा लोग भरोसा नहीं करते, वहीं भारतीय इस मामले में थोड़ा आगे हैं तथा 40 प्रतिशत भारतीय लोग नेताओं पर और 41 प्रतिशत भारतीय लोग मंत्रियों पर भरोसा कर लेते हैं। इसी तरह एडवर्टाइजमेंट एग्जीक्यूटिव यानी एड बनाने वाले लोगों पर दुनियाभर में सिर्फ 19 फीसद लोग भरोसा कर रहे हैं, तो भारत में 43 फीसद इन पर भरोसा करते हैं। आंकड़ों के अनुसार भारतीय बाकी देशों के मुकाबले तो नेताओं और मंत्रियों पर ज्यादा भरोसा करते हैं, लेकिन अगर बाकी प्रोफेशन्स से तुलना की जाए तो भारत में नेताओं, मंत्रियों और धर्मगुरुओं पर सबसे कम भरोसा किया जाता है।

खबरों के मुताबिक इस सर्वे में पहली बार इंफ्लूएंसर्स को एक कैटेगरी के तौर पर शामिल किया गया था। दुनियाभर में सिर्फ 15 फीसद लोग सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स पर भरोसा करते हैं। इसमें भी जेनेरेशन के हिसाब से लोगों की अलग राय है। खास यह भी कि, सोशल मीडिया के आने से सालों पहले पैदा होने वाले लोग सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स की बात नहीं मानते। वहीं सोशल मीडिया के समय में पैदा होने वाले लोग इंफ्लूएंसर्स पर यकीन कर लेते हैं।

### जिन पर भरोसा नहीं करते भारतीय!

- नेता- 31% भारतीय भरोसा नहीं करते।
- मंत्री- 28 % भारतीय भरोसा नहीं करते।
- धर्मगुरू-27% भारतीय भरोसा नहीं करते
- पुलिस- 26% भारतीय भारतीय नहीं करते
- पत्रकार- 25% भारतीय भरोसा नहीं करते

# दीपावली मिलन पर सिंदूर से होली





भोपाल, दोपहर मेट्रो। बंगाली हिंदू उत्सव समिति द्वारा भवानी चौक में दिवाली पर स्थापित मां काली की प्रतिमा के विसर्जन समारोह के पहले महिलाओं ने सिंदूर से होली खेली। - **फोटो निर्मल व्यास**

# खतरा: हाइटेंशन लाइन की जद में साढ़े आठ सौ मकान

## छत व छज्जे तोड़ने की हो रही तैयारी

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**



राजधानी में कई क्षेत्रों में लोग जानजोखिम में डालकर घरों में रह रहे हैं।उनके घर हाइटेंशन बिजली लाइन के करीब हैं। ऐसे लोगों को दुर्घटना से बचाने के लिए मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने नियमानुसार नोटिस जारी किए हैं। शहर में 848 मकान बिजली ट्रांसमिशन की 132 केवी क्षमता की एक्स्ट्रा हाईटेंशन लाइन की जद में हैं। कंपनी ने ऐसे मकानों की छत और छज्जे तोड़ने के लिए नगर निगम प्रशासन और जिला प्रशासन को पत्र भी लिखा है। लाइन की जद में आ रहे निर्माण को तोड़ने के लिए एक माह की मोहलत दी गई है। गौरतलब है कि सोमवार को करोंद में एक महिला हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलस गई थी। महिला की हालत गंभीर है।सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथारिटी के नियमानुसार एवं इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 1956 के प्रविधानों के अनुसार 132 केवी टावर के 27 मीटर कारिडोर में कोई निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता है। इसी तरह 132 केवी टावर में कम से कम 6.5 मीटर का वर्टिकल क्लीयरेंस होना चाहिए। इससे पहले इस साल की शुरूआत में देवकी नगर में बड़ी कार्रवाई हुई थी। यहां 132 केवी क्षमता की एक्स्ट्रा हाईटेंशन लाइन की जद में आ रहे निर्माण को तोड़ा गया था। यहां पर अधिकारियों के कहने पर मकान की बाउंड्रीवाल को मकान मालिक ने ही तोड़ा था। अधिकारियों ने कहा कि हाईटेंशन लाइन के आसपास कई मकान हैं और मंदिर भी हैं। इस दौरान बड़ी दुर्घटना का भी खतरा है।

**यह इलाके हुए चिन्हित :** फसरों का कहना है कि गोविंदपुरा, नारियलखेड़ा, देवकी नगर, करोंद, बैरागढ़, आनंद नगर और जैन कालोनी में ऐसे मकान चिह्नित किए गए हैं, जहां हाईटेंशन लाइन एकदम पास में है। शहर में पेट्रोलिंग और सर्वे करके सूची नगर निगम और जिला प्रशासन को सौंप दी गई है।

# जीजी फ्लाइओवर: दो लेन तैयार, अब नवंबर के आखिर तक बनेगी

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर तक 2.7 किमी लंबे जीजी फ्लाइओवर की दो लेन पूरी तरह से आवाजाही के लिए तैयार है। गायत्री मंदिर वाली लेग का काम लेट है और उसके पूरा होने में नवंबर का पूरा माह लगेगा। अभी विभाग स्तर पर तय किया जा रहा है कि इसे दो लेग के साथ ही शुरू करें या फिर थर्ड लेग बनने का इंतजार करें। ब्रिज पर ट्रैफिक सुचारू चले, इसके लिए मैनिट से ट्रैफिक प्लान भी तैयार कराया जा रहा है। मैनिट के सिद्धार्थ रोकड़े इसे तैयार कर रहे हैं। उनकी सलाह पर ही गणेश मंदिर की ओर जीजी फ्लाइओवर व सावरकर ब्रिज के बीच सीसी का डिवाइडर बनाया। अरेरा हिल्स वाली लेग पर रोटरी प्लान की जा रही है।

# राजधानी में 350 फीसदी बढ़ेंगे जमीनों के दाम

## आय बढ़ाने के लिए साल में दूसरी बार हो रहा कलेक्टर रेट में इजाफा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

गाइडलाइन को लेकर बदले नियमों के बाद अब राजधानी के झागरिया खुर्द, नीलबड़, रापड़िया, कटारा हिल्स जैसे इलाकों में मकान, दुकान या भूखंड लेना महंगा होने वाला है। साल में दूसरी बार संपत्ति के कलेक्टर रेट बदलने की तैयारी पूरी हो चुकी है। लिहाजा आम लोगों को अपने बजट की ओर फिर से देखना पड़ सकता है। सरकार इन जैसे करीब 230 स्थानों पर संपत्ति की दर बढ़ा रही है। संपत्तियों की दर में यह वृद्धि पांच प्रतिशत से लेकर 350 प्रतिशत तक होनी है। जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में पंजीयन विभाग ने शहर और उससे लगे कुछ ग्रामीण इलाकों के 243 स्थानों पर मूल्य वृद्धि का प्रस्ताव रखा। मगर दक्षिण पश्चिम के विधायक भगवानदास सबनानी के विरोध की वजह से 13 स्थानों पर वृद्धि का प्रस्ताव वापस ले लिया गया। वहीं प्रस्तावित वृद्धि में पांच प्रतिशत की कमी करने की बात भी मानी गई। प्रस्तावों पर चर्चा के बाद शेष स्थानों पर पांच प्रतिशत से लेकर 350 प्रतिशत तक वृद्धि को मंजूरी दे दी गई। पंजीयन विभाग अब बुधवार को नया प्रस्ताव तैयार कर केंद्रीय मूल्यांकन समिति को भेजेगा। सरकार की मंजूरी मिलने के बाद नई गाइडलाइन के हिसाब से ही संपत्ति का पंजीयन होगा। बताया जाता है कि इस प्रस्ताव पर अब कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, विधायक भगवानदास सबनानी शामिल हुए। भोपाल के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है जब पंजीयन विभाग एक साल में दूसरी बार शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की प्रॉपर्टी के दामों में बढोतरी कर रहा है। जानकारों के मुताबिक झागरिया खुर्द, नीलबड़ और कटारा हिल्स जैसे इलाकों में नया आधारभूत ढांचा खड़ा होने से विकास तेज हुआ है। इसकी वजह से ऐसे इलाकों में लोगों की दिलचस्पी बढ़ी है। पिछले कुछ महीनों में इन इलाकों में संपत्तियों का पंजीयन बढ़ा है। कोलार में गोल गांव पर सिक्सलेन के कारण प्रॉपर्टी की कीमतें बड़ी हैं। भानपुर कचरा खंती हटने के बाद अब अयोध्या बायपास इलाके में भी रजिस्ट्रियों की संख्या में इजाफा हुआ है। सलैया क्षेत्र में तेजी से डेवलपमेंट हो रहा है। कोकता बायपास-बगरोदा व्यावसायिक, बैरागढ़ स्टेशन के पास, मिनाल, वैशाली नगर बढ़वई सड़क से हटकर, बरखेड़ी कलां, चौपड़ाकलां, रातीबढ़, बिशनखेड़ी, दामखेड़ा व मेंडोरी में भी रेट बढ़ाने का प्रस्ताव है। नर्मदापुरम रोड, मिसरोद, गुलमोहर, आकृति ईको सिटी, विद्यानगर कान्हाकुंज, पुलिस हाउसिंग सोसायटी, वंदना नगर समेत कई इलाकों में भी इन्हीं वजहों से दरें बढ़ रही हैं।



### 100 से अधिक स्थान सबसे महंगे

भोपाल में कुल 3883 स्थान हैं। इनमें शहर में 3091 और ग्रामीण में 792 स्थान शामिल हैं। 3641 स्थान में रेट नहीं बढ़ाए जाएंगे, जबकि अन्य स्थानों पर वृद्धि की जाएगी। इस बार नौ नए स्थानों को भी जोड़ा गया है। वहीं 100 से अधिक स्थान ऐसे हैं, जहां संपत्ति के दाम सबसे अधिक बढ़े हैं। रियल एस्टेट बाजार में भोपाल के तेजी से विकसित होते ही कई इलाकों में जमीन की दर 2500 से 4000 रुपये प्रति वर्गफीट है, लेकिन इन्हीं इलाकों में कलेक्टर दर 200 रुपया प्रति वर्गफीट या उससे भी कम है। अब इन संपत्तियों की खरीद-बिक्री के पंजीयन के लिए सरकार जो स्टांप ड्यूटी लेती है, उसका निर्धारण इसी 200 रुपया वर्गफीट के हिसाब से होता है। ऐसे में सरकार को घाटा होता है। हर तीन महीने में दरों को बढ़ाकर सरकार आय बढ़ाना चाहती है।

### अप्रैल में बढ़े थे दाम

पिछले दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रत्येक तीन महीने में प्रॉपर्टी की कलेक्टर गाइडलाइन दर नये सिरे से तय करने को कहा था। इससे पहले अप्रैल 2024 में भोपाल जिले के 3900 स्थानों में से 1443 पर दाम बढ़ाए गए थे। कुल 7.19 प्रतिशत की औसत बढ़ोतरी की गई थी। शहर के 1228 स्थानों पर औसत 8.9 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र के 215 स्थानों पर 5.48 प्रतिशत बढ़ाए जाने का प्रस्ताव फाइनल हुआ था। यह संपत्तियों की वह दर है, जिस पर पंजीयन होता है और सरकार उसका शुल्क लेती है।

# जनपरिषद का दीपावली मिलन समारोह संपन्न

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

भोपाल चैप्टर के संयोजन में दीपावाली मिलन समारोह का गरिमामय आयोजन पुलिस ऑफिसर्स मेस में संपन्न हुआ। समारोह में तत्कालीन उपलोकायुक्त जस्टिस एस. के. पॉलो, मप्र हाईकोर्ट जस्टिस श्रीमती पॉलो, अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी श्री एन. के. त्रिपाठी, उपाध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी श्री महान भारत सागर, पूर्व आईएएस अधिकारी एस. के. मिश्रा, अजातशत्रु और शजी. पी. श्रीवास्तव, डी जी राजेंद्र अवस्थी, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सुबोध वार्ष्णेय, उपाध्यक्ष शकमल जैन, महासचिव श्री ओ. पी. गुप्ता, अजय श्रीवास्तव ÷नीलू÷ तथा अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण शामिल हुए।समारोह के मुख्य आकर्षणों में पॉलो का विदाई समारोह, विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान, और कुछ सदस्यों का जन्मोत्सव शामिल था। आयोजन समिति ने इस अवसर पर विशेष मोमेंटो तैयार किए, जिन्हें समारोह के दौरान सम्मानित अतिथियों और सदस्यों को भेंट किया गया।दीपावाली के इस अवसर पर, सभी सदस्यों ने मिलकर परस्पर शुभकामनाएं दीं और आपसी संबंधों को मजबूत करने का संकल्प लिया।



# नुक्कड़ वाली माता मंदिर में विराजेंगे हनुमानलला



**हिरदाराम नगर.** नुक्कड़ वाली माता मंदिर प्रांगण में हनुमान लला प्राण प्रतिष्ठा के लिए भूमिपूजन सात नंबवर को होगा। गुफा मंदिर धाम के महामंडलेश्वर महंत राम प्रवेश दास जी के सानिध्य में भूमिपूजन किया जाएगा। सात नवंबर को दोपहर 12ः00 बजे से उज्जैन महाकाल के कथा व्यास श्री चैतन्य स्वरूप, गुफा मंदिर के आचार्य अनिल रूद्र, ज्योतिष आचार्य द्वारा 11 ब्राह्मणों के वेदों मंत्रों के बीच भूमि पूजन किया जाएगा। कार्यक्रम ममें पूज्य सिंधी पंचायत, संत गौरक्षा उत्थान समिति, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, बजरंग सेवा समिति एवं व्यापारिक संगठनों एवं राजनीतिक दलों के नेता गुफा मंदिर के महामंडलेश्वरजी की अगवानी करेंगे।

# स्टुडेंट के गले से 70 हजार की चेन झपटी

**भोपाल।** राजधानी में बाइक सवार लुटेरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। लुटेरे रुक रुककर लूट की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। लुटेरों ने रविवार रात बांसखेड़ी चौराहा पर एमबीए स्टुडेंट के साथ लूट की वारदात की। बदमाश छात्र के गले से सोने की चेन झपटकर ले गए हैं। लूटी गई चेन की कीमत 70 हजार रुपए बताई जा रही है।

**मेट्रो एंकर**

## आश्रम दरबारों में गूंजे भजन, गुरूनानक जयंती के दिन होगा समापन

# कार्तिक महोत्सव : धर्मगुरू के सत्संग शुरू



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

एफ वार्ड स्थित श्री गंगा धाम उदासीन दरबार में दीप प्रज्वलन कर कार्तिक मास का पाठ आरंभ किया गया। महंत तुलसीदास उदासीजी ने कार्तिक मास का महत्व बताते हुए कहा कि भगवान विष्णु एवं विष्णुतीर्थ के समान ही कार्तिक मास को श्रेष्ठ और दुर्लभ कहा गया है। सामान्य रूप से सूर्य के तुलाराशि पर आते ही कार्तिकमास आरम्भ हो जाता है। कलियुग में कार्तिक मास चारों पुरुषार्थोंङ्कधर्म, अर्थ, काम व मोक्ष को देने वाला, रोगविनाशक, सद्बुद्धि देने वाला, लक्ष्मी का साधक तथा दुःखों से मुक्ति प्रदान करने वाला माना गया है। उन्होंने बताया कि ऐसा माना जाता है कि कार्तिक स्नान-व्रत करने वाले मनुष्य के शरीर में सारे तीर्थ निवास करते हैं और उसे देखकर यमदूत उसी प्रकार पलायन कर जाते हैं जैसे सिंह से पीड़ति हाथी भाग खड़े होते हैं। कार्तिकमास में ब्राह्ममुहुर्त में स्नान और प्रतिदिन अपनी सामर्थ्यानुसार अन्नदान तथा दीपदान किया जाता है व संध्याकाल में आकाशदीप जलाया जाता है। कार्तिक मास पूर्णिमा अर्थात 15 नवंबर तक चलेगा एवं सत्संग का समय सुबह 5.30 एवं सायं6.30 बजे रहेगा।



# धर्मेन्द्र सबनानी ने संभाला मीडिया प्रभारी का पद

**हिरदाराम नगर.** युवा पत्रकार वेलफेयर क्लब की एक बैठक हुई, जिसमें धर्मेंद्र सबनानी ने मीडिया प्रभारी का पदभार ग्रहण किया। क्लब के अन्य पदाधिकारियों ने सबनानी को बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से युवा पत्रकार वेलफेयर क्लब मुख्य सलाहकार हीरानंद गनवानी, संस्थापक अध्यक्ष कमलेश रायचन्दानी, उपाध्यक्ष ममता गनवानी, महासचिव विकास गिदवानी, कैलाश साधवानी, जितेश सदारंगाणी व अन्य मौजूद रहे ।

# नीति आयोग के सीईओ की नसीहत: मप्र का विजन दस्तावेज भविष्य की आवश्यकताओं का संग्रहण बनकर न रह जाए

- विकसित भारत 2047 के लिए मप्र का भी बनाया जा रहा विजन दस्तावेज
- नीति आयोग के सीईओ बीवी आर सुब्रमण्यम ने ठोक बजाकर विजन दस्तावेज तैयार करने के सुझाव दिए

**भोपाल.दोपहर मेट्रो**

विकसित भारत के लिए मप्र का विकसित होना जरूरी है। तभी 2047 तक भारत को विकसित बनाने का सपना पूरा हो पाएगा। इस सपने को पूरा करने में मप्र की अहम भूमिका रहेगी। जिसे पूरा करने की दिशा में सरकार अभी से आगे बढ़ रही है। बड़ा काम विजन दस्तावेज बनाना है, जो मप्र के अगले 25 सालों में होने वाले विकास की नींव का पत्थर होगा। सोमवार को इस पर केंद्र के नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम व उनके दल के साथ राज्य के मुख्य सचिव अनुराग जैन व अन्य अधिकारियों ने मंथन किया। जिसमें राज्य की ओर से की गई तैयारियों को सामने रखा। जिस पर आयोग के सीईओ ने खुशी जाहिर की लेकिन तीन महीने के भीतर उक्त दस्तावेज को फाइनल करने के सुझाव भी दिए। आयोग के सीईओ सुब्रमण्यम ने नसीहत भी दी कि यह दस्तावेज केवल वर्तमान आवश्यकताओं का संग्रह बनकर न रहे बल्कि भविष्य की चुनौतियों और अवसरों का अनुमान लगाते हुए पांच-पांच वर्ष की योजना में विभाजित करके बनाएं। उन्होंने कहा कि उद्योगों के विस्तार की प्रभावी कार्ययोजना, प्रशिक्षित मैन पावर और सुनियोजित शहरीकरण, पर्यटन गतिविधियों से आर्थिक लाभ कमाने की योजनाएं, खनिज भंडार व नदियों का बेहतर उपयोग प्रदेश को विकास के पथ पर बढ़ा सकता है। इसमें नवकरणीय उर्जा भी अहम होगी।

### आजादी के 100 साल को इतिहासिक बनाएगा देश

असल में देश की आजादी को 2047 में 100 साल हो जाएंगे। इस शताब्दी वर्ष को इतिहासिक बनाने के लिए केंद्र ने विकसित भारत की कार्ययोजना के अनुरूप काम शुरू कर दिया है। राज्यों को भी इसमें सहयोग करना है। इसके लिए सभी राज्य अपना विजन दस्तावेज बना रहे हैं। विजन दस्तावेज मप्र के विकास का मजबूत खाका होगा, जिस पर हर सरकार को काम करना होगा। इसे सर्वमान्य बनाने के लिए जनता व जनप्रतिनिधियों से सुझाव लिए जाएंगे। यह चरण भी जल्द आएगा।




### अगले 5 वर्षों में जीडीपी 27.2 लाख करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य

सीएस अनुराग जैन ने बैठक में बताया कि अगले 5 वर्षों में मप्र की जीडीपी 27.2 लाख करोड़ और 2047 तक इसे 250 लाख करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। बैठक में बाह्य एजेंसी बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) की रिपोर्ट रखी गई। मप्र को 2047 तक आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक उन्नति का एक आदर्श राज्य बनाएंगे। प्रत्येक नागरिक को रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन की उच्च गुणवत्ता की सुविधा मिलेगी। प्रदेश आत्मनिर्भर और विकसित प्रदेश बनेगा।

### निकायों की हालत बिगड़ी

# बिजली का करोड़ों बकाया चुकाएगी प्रदेश सरकार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राज्य सरकार ने नगरीय निकायों के करोड़ों रुपये के बकाया बिजली बिल चुकाने का निर्णय लिया है। आर्थिक संकट में फंसे इन निकायों की सहायता के लिए चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि का उपयोग किया जाएगा, जिससे उनकी बिजली की देनदारी चुकाई जा सकेगी। सरकार ने तीन विद्युत वितरण कंपनियों को 60.17 करोड़ रुपये के बिल चुकाने के आदेश दिए हैं। जिन निकायों के बकाया बिल 1 करोड़ रुपये से अधिक हैं, उनमें इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, कटनी, सागर, सतना, देवास, खंडवा और रतलाम है।

जानकारी के मुताबिक मप्र नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने इस मद से 60 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इसमें से सबसे अधिक 31 करोड़ रुपये पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को दिए जाएंगे, जिससे इंदौर नगर निगम के 23 करोड़ रुपये का बकाया बिल समायोजित किया जाएगा। इसके अलावा भोपाल नगर निगम के 5 करोड़, जबलपुर के 5.5 करोड़ और ग्वालियर के 2.5 करोड़ रुपये का बिल भी चुकाया जाएगा।

दरअसल, नगरीय निकायों की वित्तीय स्थिति इस कदर बिगड़ चुकी है कि वे अपने बिजली के बिल समय पर चुकाने में असमर्थ



हैं। इसके पीछे मुख्य कारण है कि इन निकायों की वसूली बेहद कम है। पेयजल, स्ट्रीट लाइट आदि के लिए विद्युत वितरण कंपनियों से बिजली की आपूर्ति की जाती है, लेकिन स्थानीय निकायों द्वारा रहवासियों से शुल्क की वसूली में कमी आई है। इस स्थिति को देखते हुए सरकार ने चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि का उपयोग बिजली के बकाया बिलों का भुगतान करने का निर्णय लिया है। यह राशि अब मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के बजाय बिजली बिल चुकाने में खर्च की जाएगी।

# बिजली पर हाहाकार के पहले सरकार का कदम, जिलों की जिम्मेदारी बढ़ाई

## रबी सीजन में बिगड़ सकती है आपूर्ति व्यवस्था, हर साल मांग बढ़ने पर बनती है ऐसी स्थिति, जिलों में विद्युत अंतर विभागीय समन्वय समिति बनवाई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बिजली जैसी समस्या पर हाहाकार से पहले सरकार ने जिलों में अंतर विभागीय बिजली समितियां बनाने का निर्णय लिया है जिसके अध्यक्ष कलेक्टर होंगे और पुलिस आयुक्त/पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर निगम आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सदस्य के रूप में रहेंगे। विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता, महाप्रबंधक शहर /(संचारण/संधारण) को सदस्य एवं संयोजक नियुक्त किया। ये समितियां बिजली पर सब्सिडी के दुरुपयोग को रोकना, गुणवत्तापूर्ण सेवा देना, रबी सीजन में किसानों की समस्याओं को तुरंत निपटाना, मजरे-टोले में बिजली पहुंचाना, बिजली से जुड़े केस देखना, वसूली के लंबित प्रकरण निपटाने जैसे काम जरुरी है। इन सभी कामों के लिए एक-दूसरे विभागों के बीच चर्चा जरुरी है। यह काम जिला स्तरीय समिति करेंगी।

असल में कुछ जिलों में बिजली से जुड़ी शिकायतों के बढ़ने और राजस्व संग्रहण में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिस पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने संज्ञान लिया और सरकार से कहकर इन ऐसे लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के लिए समितियां गठित कराई जा रही है।

उधर, मप्र समेत देश भर में बिजली वितरण कंपनियों के कामकाज को गुणवत्तापूर्ण व सुरक्षित बनाने पर सोमवार से तीन दिवसीय मंथन शुरू हुआ है। जिसमें नेशनल पॉवर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट की महानिदेशक



तृप्ता ठाकुर ने कहा है कि इस क्षेत्र में और अधिक काम करने की जरुरत महसूस हो रही है, ये काम सभी राज्यों में होने चाहिए। नेशनल पॉवर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट एवं मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेन्टर ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला बुलाई है जो कि रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत परिचालन सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विषय पर है। नेशनल पॉवर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट की महानिदेशक तृप्ता ठाकुर ने बताया कि वर्ष 2047 तक विद्युत मांग अत्यधिक बढ़ने वाली है और किसी भी विकसित देश के लिए प्रति व्यक्ति ऊर्जा की खपत को एक महत्वपूर्ण इकाई माना जाता है। बिजली हानियों को कम करना, शत-प्रतिशत राजस्व संग्रह करना, विद्युत वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करना और नई टैक्नोलॉजी को आत्मसात करने की चुनौती की पूर्ति के लिए मिलकर काम करना जरुरी है। प्रशिक्षण सत्र में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने कहा कि प्रशिक्षण में सैद्धांतिक ट्रेनिंग के अलावा व्यावहारिक प्रशिक्षण की आवश्यकता है। इसके लिए पूरे कंपनी कार्यक्षेत्र में विभिन्न व्यावहारिक प्रशिक्षण कैंप लगाये जाने चाहिए।



# रांची में मुख्यमंत्री यादव ने किया चुनाव प्रचार, रायुपर में ली बैठक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने झारखंड की कांके विधानसभा में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा एवं छत्तीसगढ़ की रायपुर दक्षिण विधानसभा में सामाजिक संगठनों की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आने वाला चुनाव इस बात के लिए है कि आपको अपने तीज त्योहार मनाने की आजादी रहेगी या नहीं। जब बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार हुए, तो कांग्रेस के किसी नेता ने अपना मुंह नहीं खोला। कांग्रेसी और झामुमो नेता सिर्फ तुष्टिकरण जानते हैं। ये लोग झारखंड को भी बांग्लादेश बनाने का षडयंत्र रच रहे हैं। बीते सालों में यहां हिंदुओं की आबादी में 7 प्रतिशत की कमी आई है और आदिवासियों की जनसंख्या 40-41 प्रतिशत से घटकर 28 प्रतिशत रह गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटलबिहारी वाजपेयी ने जब झारखंड राज्य बनाने की घोषणा की थी, तो उन्होंने कहा था कि झारखंड देश का नंबर-1 राज्य बनेगा। यह इतना सुंदर है कि देवता भी यहां रहने के लिए तरसते होंगे। खनिज संपदा और प्राकृतिक संसाधन भरपूर हैं, लेकिन झारखंड का विकास नहीं हो सका।

## अर्जुन सिंह की याद में आज मुशायरा

**भोपाल।** गरीबों को मकानों के पट्टे और विद्यार्थियों को जनरल प्रमोशन जैसे तोहफे देने से चर्चित रहे पूर्व मुख्यमंत्री स्व अर्जुन सिंह की याद में हर साल सजने वाली मुशायरा महफिल इस बार सेंट्रूल लाइब्रेरी मैदान पर आज शााम सज रही है। इस महफिल ए खास में देश विदेश के नामवर शायर और कवि अपना कलाम पेश करेंगे। इस मुशायरा आयोजन के दौरान शहर की शान कहे जाने वाले अंतरराष्टीय शायर मंजर भोपाली का नागरिक सम्मान भी किया जाएगा। उनके अलावा वाईके मिश्रा, कन्हैया कुमार, मेघा परमार व शहर को खास सौगात और सुविधा देने वाले कई व्यक्ति भी सम्मान से नवाजे जाएंगे।

यह कार्यक्रम अर्जुन सिंह सद्भावना मंच, का आयोजन है। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम में बहरीन और मिस्त्र से आए शायर भी अपना कलाम पेश करेंगे। इनमें अनवर कमाल,बहरीन और डॉ वला जमाल मिस्त्र शामिल हैं। इनके अलावा देश के नामवर शायर प्रोफ़ेसर वसीम बरेलवी लखनऊ, कार्यक्रम में उप्र के पूर्व मंत्री जफर नकवी, चरणदास महंत, डॉ गोविंद सिंह, आरिफ मसूद, आतिफ अकील, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल के अलावा कई मेहमान मौजूद रहेंगे।

## बुधनी में प्रचार पर पटवारी, दिग्विजय, कल पायलट

**भोपाल.** अभा कांग्रेस महासचिव मप्र प्रभारी जितेन्द्र सिंह व अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, अरूण यादव आदि के साथ आज बुधनी पहुंचे हैं। संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि उक्त नेता बुधनी विधानसभा के रेहटी पहुंचकर वहां कांग्रेस प्रत्याशी राजकुमार पटेल के पक्ष में आयोजित आमसभा को संबोधित करेंगे। फिर यहां से भैरूंदा पहुंचकर वहां आमसभा को संबोधित करेंगे। वहीं कल सचिन पायलट भी विजयपुर में सभा के लिये आ रहे हैं।




संपादकीय

# बिगड़ते मौसमों की फिक्र कब

इन दिनों ग्लोबल वार्मिंग व क्लाइमेट चेंज जैसे कई शब्द और चिंता लगातार हमारा पीछा करते हैं।इस पर बडे बडे विमर्श भी होते रहते हैं। मगर पिछले दो दशक से यह चिंता ज्यादा घनीभूत हो चली है। इसकी वजह बदलता और अनिश्चित हो चला मौसम है। वैश्विक ताप में बढ़ोतरी सबसे बडी चिंता का विषय है। इसकी वजह से समूची दुनिया में गंभीर चुनौतियां पैदा होती जा रही हैं। मगर विडंबना है कि इस मसले पर ऐसा कुछ भी ठोस नहीं किया जा रहा, जिससे तापमान संतुलन की उम्मीद जागे। उल्टे अब मौसम में उथल-पुथल इस कदर होनी शुरू हो गई है कि जिन महीनों में ठंड की आहट मिलने लगती थी, उनमें तापमान चढ़ा हुआ रहने लगा है, जो आने वाले संकट का संकेत दे रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने ही कहा है कि देश में इस वर्ष अक्टूबर का महीना 1901 के बाद सबसे अधिक गर्म रहा और औसत तापमान सामान्य से 1.23 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। यानी एक सौ चौबीस वर्षों के बाद पहली बार अक्टूबर के महीने में मौसम में गर्मी इतनी थी कि उसे सामान्य नहीं माना जा रहा है। अनुमान जताया जा रहा है कि इस बार नवंबर में भी पहले दो सप्ताह तक तापमान सामान्य से दो से पांच डिग्री ऊपर बना रहेगा। जबकि नवंबर में गर्मी बनी रहना बहुत आश्यर्चजनक है और उतना ही चिंताजनक भी। फिलहाल मौसम के उतार-चढ़ाव ने मौसम विज्ञानियों के सामने भी अध्ययन का नया फलक खोल दिया है। हालांकि बताया जा रहा है कि इस बार पश्चिमी विक्षोभ के अभाव और बंगाल की खाड़ी में सक्रिय चक्रवात सहित कई निम्न दबाव वाले क्षेत्रों के बनने से औसत न्यूनतम तापमान ज्यादा दर्ज किया गया। हाल के दशकों में वैश्विक ताप में बढ़ोतरी के लिए जिन कारकों की पहचान की गई है, उसका हल निकालने को लेकर सक्रियता तो दिखती है, मगर जमीनी हकीकत यह है कि जिन देशों को कार्बन उत्सर्जन के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार माना जाता है, वहां इसमें कमी करने को लेकर कोई उत्सुकता नहीं दिखती। सारी जवाबदेही विकासशील देशों पर थोप दी जाती है। हालांकि यह समस्या केवल एक या कुछ देशों तक सीमित नहीं है। समूचा विश्व इससे प्रभावित है और मौसम की इस अनियमितता को सभी को गंभीरता से लेने की जरूरत है। मौसम की अपनी गति होती है और उसमें समय-चक्र के मुताबिक तापमान में उतार-चढ़ाव होता रहता है, लेकिन जरूरत इस बात की है कि वक्त रहते इस संकट से निपटने के उपाय खोजे जाएं,इसके लिये प्रकृति से छेड़छाड पर अंकुश भी जरूरी है। वन,पौधरोपण, तालाब, मिट्टी आदि के संरक्षण के साथ ही अपनी जडों की तरफ लौटना भी एक रास्ता हो सकता है। बिजली और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले उपकरणों पर बढती निर्भरता भी एक बडी समस्या है। मौसम की करवटें आम जनजीवन से लेकर रोजगार व्यवसाय तक को प्रभावित करती हैं। आज की पीढी के लिये भी यह दायित्व की ही तरह है कि वह आने वाली पीढियों को सुरक्षित व साफ सुथरा पर्यावरण सौंपकर जाए, ठीक वैसे ही जैसे पुरानी पीढियों ने हमें सौंपा था। वरना मौसम बिगडेंगे तो कई समीकरण बिगड जायेंगे,दुनिया की बुनियाद ही मौसम का संतुलन और समयबध्दता है। कुल मिलाकर यदि समाज व सरकारें मिलकर इस बारे में सोचेंगे तभी इस समस्या से निपटने की सही दिशा मिलेगी।

# परमाणु शक्ति से क्षुद्रग्रह संकट टालने की कोशिश

■ मुकुल व्यास

यदि कोई क्षुद्रग्रह पृथ्वी की तरफ खतरनाक ढंग से बढ़ता है तो क्या हम उसे रोक पाएंगे? वैज्ञानिक भविष्य में क्षुद्रग्रह के प्रहारों से बचने के लिए कई तरह के उपायों पर विचार कर रहे हैं। एक नए अध्ययन के अनुसार, एक परमाणु बम पृथ्वी को क्षुद्रग्रह के प्रभाव से बचा सकता है। प्रयोगशाला में दुनिया के सबसे शक्तिशाली जेड मशीन विकिरण स्रोत का उपयोग करके किए गए नए प्रयोग ने प्रदर्शित किया कि एक क्षुद्रग्रह के करीब परमाणु बम को विस्फोटित करके क्षुद्रग्रह की दिशा बदलने के लिए पर्याप्त बल उत्पन्न किया जा सकता है।

न्यू मैक्सिको की सैंडिया नेशनल लेबोरेटरी में जेड मशीन विकिरण स्रोत का संचालन करने वाली टीम का कहना है कि परमाणु विस्फोट द्वारा उत्पन्न शक्तिशाली एक्स-रे तरंगें क्षुद्रग्रह की सतह को वाष्पित करके उसकी दिशा मोड़ देंगी। इस अध्ययन के मुख्य लेखक नाथन मूर ने कहा, अधिकांश लोगों को क्षुद्रग्रहों से खतरा बहुत दूर की बात लगती है। लेकिन हमारा ग्रह हर दिन छोटे आकार के क्षुद्रग्रहों से टकराता है। हम उन्हें शूटिंग स्टार कहते हैं। हम किसी बड़े क्षुद्रग्रह के दिखने का इंतजार नहीं करना चाहते। हम उसकी दिशा बदलने के सही तरीके खोजना चाहते हैं। पिछले साल अमेरिका की नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी जिसमें कहा गया था कि ग्रहों की सुरक्षा एक राष्ट्रीय प्राथमिकता है।विभिन्न मॉडलों ने दिखाया था कि परमाणु बम द्वारा बनाई गई शॉकवेव आने वाले क्षुद्रग्रह को सफलतापूर्वक मोड़ने के लिए पर्याप्त बल प्रदान कर सकती है। लेकिन इन परिदृश्यों में हानिरहित रूप से पथ से हटाए गए क्षुद्रग्रहों को दशकों पहले देखा गया था।

चिंताजनक बात यह है कि इस समय चल रहे नासा के आकाश सर्वेक्षण ने अनुमान लगाया है कि पृथ्वी के निकट लगभग 25,000 ऐसी वस्तुएं मौजूद हैं जो बड़े विनाश का कारण बन सकती हैं। इनमें से कई सूर्य की चमक से छिपी हुई हैं, इसलिए संभावित रूप से खतरनाक क्षुद्रग्रहों में केवल एक-तिहाई की ही पहचान की जा सकी है।न्यू मैक्सिको स्थित प्रयोगशाला में मूर और उनकी टीम ने एक छोटे सिलिका पत्थर के आकार के नकली क्षुद्रग्रह को जेड मशीन की एक्स-रे पल्स से विकिरणित किया। शोधकर्ताओं ने बिल्कुल सही समय पर 'सिलिका क्षुद्रग्रह' को प्रयोगशाला के वातावरण के भीतर 'अंतरिक्ष' में छोड़ा। उन्होंने वातावरण का अनुकरण करने के लिए एक वैक्यूम बनाया था। उन्होंने एक्स-रे द्वारा नकली क्षुद्रग्रह की सतह को वाष्पित करने से पहले एक सेकंड के एक अरबवें हिस्से के भीतर उसे छोड़ दिया। प्रयोग में क्षुद्रग्रह आगे खिसक गया।



कई विज्ञानियों ने पहले यह विचार रखा था कि शक्तिशाली एक्स-रे विस्फोट एक बहुत बड़ी अंतरिक्ष चट्टान को उसके मार्ग से हटाने का विकल्प हो सकता है, लेकिन इसका कभी परीक्षण नहीं किया गया था। नया प्रयोग इस सिद्धांत का पहला प्रायोगिक प्रदर्शन है। वैज्ञानिकों का मानना है कि अगर पर्याप्त चेतावनी या सतर्कता हो तो इस विधि का इस्तेमाल बहुत बड़े क्षुद्रग्रहों पर किया जा सकता है। सिद्धांत रूप में, अगर आपके पास पर्याप्त समय हो तो आप डायनासोर को मारने वाले क्षुद्रग्रह को रास्ते से हटा सकते हैं। दुनिया भर की अंतरिक्ष एजेंसियां पहले से ही लंबे समय तक चेतावनी देने वाले क्षुद्रग्रहों की दिशा मोड़ने के संभावित तरीकों पर काम कर रही हैं। नासा के डार्ट मिशन ने दो साल पहले एक हानिरहित क्षुद्रग्रह, डिमोर्फोस को सफलतापूर्वक अपने मार्ग से हटा दिया था।

इस बीच, एक नए अध्ययन से पता चला है कि 6.6 करोड़ वर्ष पहले पृथ्वी से टकराने वाला और डायनासोर का सफाया करने वाला विशाल क्षुद्रग्रह अकेला नहीं था। वैज्ञानिकों का कहना है कि उसी युग में पश्चिम अफ्रीका के तट से दूर समुद्र में एक दूसरी, छोटी अंतरिक्ष चट्टान टकराई थी,जिससे एक बड़ा गड्ढा बन गया। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह एक 'विनाशकारी घटना' रही होगी। इससे अटलांटिक महासागर में कम से कम 800 मीटर ऊंची सुनामी आई होगी।दुबई स्थित हेरियट-वाट विश्वविद्यालय के डॉ. उइसडीन निकोलसन ने सबसे पहले 2022 में नादिर क्रेटर की खोज की थी। लेकिन यह क्रेटर वास्तव में कैसे बना, इस बारे में अनिश्चितता बनी हुई थी। अब डॉ. निकोलसन और उनके सहयोगियों को यकीन है कि 9 किलोमीटर का गड्ढा समुद्र तल में एक क्षुद्रग्रह के टकराने के कारण हुआ था। ये वैज्ञानिक इस घटना की सटीक तारीख नहीं बता सकते। वे यह भी नहीं बता सकते कि क्या यह मैक्सिको में 180 किलोमीटर चौड़े चिक्सुलब क्रेटर बनाने वाले क्षुद्रग्रह से पहले आया था या बाद में।

मैक्सिको पर गिरने वाले क्षुद्रग्रह ने दुनिया में डायनासोर के शासन को समाप्त कर दिया था। लेकिन इन वैज्ञानिकों का कहना है कि अंतरिक्ष से छोटी चट्टान भी क्रेटेशियस काल के अंत में आई थी जब डायनासोर विलुप्त हो गए थे। दूसरे क्षुद्रग्रह ने पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने के बाद आग का गोला बना दिया था।नादिर क्रेटर की कोई तस्वीर नहीं है लेकिन ऑस्ट्रेलिया में गॉसेस ब्लफ़ क्रेटर ऐसा ही है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि 7 तीव्रता के भूकंप से पहले एक बहुत तेज हवा का विस्फोट हुआ होगा। संभवतः समुद्र तल से बहुत अधिक मात्रा में पानी निकल गया होगा,और बाद में यह पानी वापस बहकर समुद्र तल पर आया होगा,जिससे तल पर अनोखी छाप बनी होगी।

हमारे सौरमंडल से इतने बड़े क्षुद्रग्रहों का कुछ ही समय के भीतर हमारे ग्रह की ओर अग्रसर होना असामान्य घटना है। लेकिन शोधकर्ता यह नहीं जानते कि दो क्षुद्रग्रह एक साथ पृथ्वी से क्यों टकराए। नादिर क्रेटर बनाने वाला क्षुद्रग्रह लगभग 450-500 मीटर चौड़ा था। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह लगभग 72,000 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से पृथ्वी से टकराया था। इस पैमाने की घटना के सबसे करीब 1908 में तुंगुस्का की घटना थी,जब साइबेरिया के ऊपर आसमान में 50 मीटर का एक क्षुद्रग्रह फटा था। नादिर क्षुद्रग्रह लगभग बेनू के आकार का था, जो इस समय पृथ्वी के निकट परिक्रमा करने वाला सबसे खतरनाक ऑब्जेक्ट है। वैज्ञानिकों का कहना है कि नासा के अनुसार बेनू के पृथ्वी से टकराने की सबसे संभावित तिथि 24 सितंबर, 2182 है। लेकिन इस बात की संभावना अभी भी 2,700 में से 1 है। मानव इतिहास में इस आकार का क्षुद्रग्रह कभी नहीं टकराया है।

ध्यान रहे बेनू पृथ्वी के निकट का एक छोटा क्षुद्रग्रह है जो लगभग हर छह साल में पृथ्वी के करीब से गुजरता है। नासा के ओसिरिस-रेक्स मिशन का लक्ष्य 4.5 अरब वर्ष पुराने इस क्षुद्रग्रह का नमूना एकत्र करना और उसे पृथ्वी पर लाना था। पृथ्वी पर लाए गए नमूने के प्रारंभिक अध्ययनों से उसमें उच्च कार्बन सामग्री और पानी के साक्ष्य मिले हैं। इनसे संकेत मिलता है कि पृथ्वी पर जीवन के निर्माण खंड संभवतः अंतरिक्ष की इस चट्टान में मौजूद हैं। ओसिरिस-रेक्स नमूना कार्बन-समृद्ध क्षुद्रग्रह का पृथ्वी पर लाया गया अब तक का सबसे बड़ा नमूना है। यह वैज्ञानिकों को पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति की जांच करने में मदद करेगा।

(साभार : लेखक विज्ञान मामलों के जानकार हैं।)

# जब नवंबर समेत 10 महीने ही होते थे एक साल में

■ जयसिंह रावत

नवंबर का महीना एक खास महीना है, जिसने विश्व की उन महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटनाओं को देखा है जिन्होंने राष्ट्रों और संस्कृतियों को आकार दिया है। यह महीना मूल रोमन कैलेंडर के 10 महीनों में से नवां महीना था जो बाद में 11वां महीना बना। भारत में यह महीना देश के 9 राज्यों का जन्मदाता है। इसी महीने नोबल पुरस्कार विजेता सीबी रमन, पंडित जवाहर लाल नेहरू, सरदार वल्लभ भाई पटेल, लता मंगेशकर और आर.के. नारायण जैसी महान हस्तियों का जन्म हुआ था। भारत में सर्वाधिक जनसंख्या द्वारा मानायी जाने वाली दीवाली सामान्यतः इसी महीने आती और देश के चार सर्वोच्च धामों में से एक बदरीनाथ के कपाट भी इसी महीने शीतकाल के लिए बंद होते हैं। नवंबर में राष्ट्रीय मधुमेह माह मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य इस दीर्घकालिक बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाना और लोगों को शिक्षित करना है। भारत में नवंबर मानसून की विदाई और शीत ऋतु के आगमन के साथ ही दीवाली, छट और गुरु पर्व जैसे त्योहारों का महीना है।

नवंबर शब्द लैटिन भाषा के ''नोवेम'' से निकला है जिसका अर्थ ''नाइन'' या नौ होता है। मूल कैलेंडर केवल 304 दिन लंबा था। सर्दियों के महीनों में एक अंतर छोड़कर जब कृषि गतिविधियां न्यूनतम थीं। जनवरी और फरवरी को जोड़कर, कैलेंडर सौर वर्ष के साथ एडजस्ट करने का प्रयास किया गया।दरअसल, ग्रेगोरियन कैलेंडर में जब मूल रूप से केवल 10 ही महीने थे तब उसमें नवंबर नवां महीना ही था। बाद में जब जनवरी और फरवरी को कैलेंडर में जोड़ा गया तो नवंबर ग्यारहवां महीना बन गया, लेकिन नाम वही रहा। यह नामकरण परंपरा रोमन कैलेंडर के इतिहास और समय के साथ इसके विकास को दर्शाता है।महीनों के लिए लैटिन नामों का उपयोग कई भाषाओं में जारी रहा। विश्व के अधिकांश देशों की तरह भारत में भी सरकारी कामकाज के साथ ही आमतौर पर ग्रेगोरियन कैलेंडर ही व्यवहार में हैं और हिन्दू कलेंडर केवल त्योहारों और मुहूर्तों तक सीमित रह गया है।




ग्रेगोरियन कैलेंडर की शुरुआत पोप ग्रेगोरी अष्टम ने जूलियन कैलेंडर की अशुद्धियों में सुधार करने के लिये 1582 में की थी। इसमें सामान्यतः 365 और प्रत्येक चार साल बाद लीप इयर में 366 दिन होते हैं। ग्रेगोरियन कैलेंडर को सबसे पहले कैथोलिक देशों ने अपनाया था और धीरे-धीरे प्रोटेस्टेंट और ऑर्थोडॉक्स देशों ने भी इसे अपनाना शुरू किया जैसे ग्रेट ब्रिटेन और उसके उपनिवेशों ने इसे 1752 में अपनाया। ग्रेगोरियन कैलेंडर का उपयोग दुनियाभर के अधिकांश देशों द्वारा शासकीय उद्देश्यों के लिए किया जाता है। यह 150 से अधिक देशों में समय चक्र है। कुछ देशों में सांस्कृतिक या धार्मिक उद्देश्यों के लिए वैकल्पिक कैलेंडर हो सकते हैं। लेकिन इस कैलेंडर का उपयोग आमतौर पर शासकीय या प्रशासनिक मामलों के लिए किया जाता है। शुरू में 10 महीनों वाला रोमन कैलेंडर मार्च से शुरू होकर दिसंबर में समाप्त होता था।जनवरी और फरवरी को उस समय के राजा नुमा पोम्पिलियस ने 713 ईसा पूर्व में रोमन कैलेंडर में जोड़ा था। नुमा ने कैलेंडर को चंद्र वर्ष के साथ अधिक निकटता से संरेखित करने के लिए जनवरी (रोमन ईश्वर जेनसके नाम पर ) और फरवरी (रोमन त्योहार फेब्रुआ के नाम पर) को जोड़ा गया।

जनवरी को सबसे पहले शुभारम्भ के देवता जेनस के सम्मान में रखा गया और फरवरी को आत्म शुद्धिकरण के महीने के रूप में जोड़ा गया। इस परिवर्तन ने 12 महीने के कैलेंडर की शुरुआत की जिसका हम आज उपयोग करते हैं और जो बाद में 46 ईसा पूर्व में जूलियस सीजर द्वारा पेश किए गए जूलियन कैलेंडर में विकसित हुआ।इसमें हर चार साल में एक लीप वर्ष के साथ एक निश्चित 365-दिवसीय वर्ष शामिल था, जिसने जनवरी और फरवरी को पहले दो महीनों के रूप में स्थापित किया। 1582 में पोप ग्रेगरी द्वारा पेश किए गए ग्रेगोरियन कैलेंडर में प्राचीन कैलेंडर के मूल ढांचे को बनाए रखा। विश्व स्तर पर भी नवंबर का महीना कई महत्वपूर्ण घटनाओं का गवाह रहा है। वैश्विक स्तर पर 1 नवंबर 1512 को माइकल एंजेलो द्वारा चित्रित सिस्टिन चैपल की छत का आधिकारिक तौर पर अनावरण किया गया था, जो पुनर्जागरण कला में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को चिह्नित करता है। 2 नवंबर, 1947 को हॉवर्ड ह्यूजेस द्वारा डिजाइन की गई एक विशाल उड़ान नाव ''स्प्रूस गूज'' की पहली सफल परीक्षण उड़ान हुई। यह विमानन में नवाचार का प्रतीक है। 9 नवंबर, 1989 को बर्लिन की दीवार गिर गई, जिससे जर्मनी के पुनर्मिलन और शीत युद्ध के अंत में एक महत्वपूर्ण क्षण को चिह्नित किया गया। 11 नवंबर, 1918 को प्रथम विश्व युद्ध आधिकारिक तौर पर आर्मिस्टिस के हस्ताक्षर के साथ समाप्त हुआ। इस दिन को अब विभिन्न देशों में आर्मिस्टिस डे या वेटरन्स डे के रूप में याद किया जाता है। 22 नवंबर, 1963 को अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ। कैनेडी की हत्या डलास, टेक्सास में की गई एक ऐसी घटना थी जिसने अमेरिकी राजनीति और संस्कृति को काफी प्रभावित किया। 26 नवंबर, 1942 को पर्ल हार्बर में अमेरिकी नौसेना अड्डे पर जापानी हमला एक महत्वपूर्ण घटना थी, जो द्वितीय विश्व युद्ध में प्रवेश कर रही थी। 30 नवंबर, 1803 को संयुक्त राज्य अमेरिका ने औपचारिक रूप से फ्रांस से लुइसियाना क्षेत्र पर कब्जा कर अपने क्षेत्र का काफी विस्तार किया था।

9 राज्यों का जन्म महीना है नवंबर

दीवाली और छट जैसे सर्वाधिक लोगों द्वारा मनाये जाने वाले त्योहारों के साथ ही नवंबर का महीना छत्तीसगढ़, उत्तराखण्ड और झारखण्ड के लोगों के दशकों से संजोये गये अलग प्रदेश के सपने के साकार करने का महीना भी है। वर्ष 2000 में इसी महीने की पहली तारीख को छत्तीसगढ़ भारतीय गणतंत्र को छब्बीसवां, 9 नवंबर को उत्तराखण्ड 27वां और 15 नवंबर को झारखण्ड 28वां राज्य बना था। भारत के इतिहास में सम्पूर्ण नवंबर महीने से भी महत्वपूर्ण इस महीने की पहली तारीख है जिस दिन वर्षों पहले देश के विभिन्न राज्यों का भाषा के आधार पर पुनर्गठन करने का फैसला लिया गया था। साल 1956 से लेकर साल 2000 तक इसी दिन भारत के 6 अलग-अलग राज्यों का जन्म हुआ। सन् 1956 में नवंबर के महीने पहली तारीख को जन्में राज्यों में कर्नाटक, केरल, राजस्थान और मध्य प्रदेश शामिल हैं। राज्य पुनर्गठन अधिनियम के तहत तमिलनाडु और कर्नाटक के क्षेत्र काट कर केरल राज्य बना। जबकि, 1 नवंबर को भाषा के आधार पर ही मैसूर का गठन किया गया जिसका 1973 में कर्नाटक नामकरण किया गया। इसी तरह विभिन्न राजशाही वाली रियासतों को मिलाकर राजस्थान का गठन हुआ।पश्चिम बंगाल का नये क्षेत्रों के साथ पुनर्गठन भी 1 नवंबर 1956 को ही हुआ था। इनके अलावा इसी महीने की इसी तिथि को वर्ष 1966 में पंजाब और हरियाणा राज्य अलग-अलग अस्तित्व में आये थे।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)

सच्चा पुत्र आज्ञाकारी होता है, सच्चा पिता प्रेम करने वाला होता है, और सच्चा मित्र ईमानदार होता है।

-चाणक्य

## आज का इतिहास

- 1556: पानीपत के दूसरे युद्ध में मुगल शासक अकबर ने हेमू को हराया।
- 1630: स्पेन और इंग्लैंड के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर।
- 1639: मैसाच्युसेट्स में पहले डाकघर की स्थापना।
- 1678: जर्मनी की विशेष सेना ब्रैंडनबर्गर्स ने स्वीडन में ग्रीफ्सवाल्ड शहर पर कब्जा जमाया।
- 1725: स्पेन और आस्ट्रिया ने गुप्त समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- 1811: स्पेन के खिलाफ मध्य अमेरिकी देश अल सल्वाडोर का प्रथम स्वतंत्रता संघर्ष।
- 1854: क्रीमिया के युद्ध में ब्रिटिश और फ्रांस की संयुक्त सेना ने इकेरमान में रूसी सेना को पराजित किया।
- 1872: उल्येसेस एस ग्रांट अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति निर्वाचित।
- 1914: इंग्लैंड एवं फ्रांस ने तुर्किये के विरुद्ध युद्ध की घोषणा की।
- 1920:इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की स्थापना।
- 1930: अमेरिका के महान् साहित्यकार सिन्क्लेयर लेविस को उनकी कृति बाबित के लिए साहित्य का नोबल पुरस्कार मिला।
- 1951: नावेदा परमाणु परीक्षण केंद्र में अमेरिका ने परमाणु परीक्षण किया।
- 1961: भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने न्यूयॉर्क की यात्रा की।

## निशाना

### पहनाएं हमें हार !



-कृष्णेन्द्र राय

हम ही हैं संरक्षक ।
करते हित पर काम ।।
बाकी सब बड़बोले ।
हो चुके नाकाम ।।
देकर पुन-मौका ।
पहनाएं हमें हार ।।
पारी अब इस बार की ।
रहनी यादगार ।।
ना कोई असमंजस ।
बह रही बयार ।।
कर रहे विरोधियों पर ।
पग पग अब प्रहार ।।
मिला अगर अधिकार हमें ।
डट जाना कर्तव्य ।।
आपके अब खातिर ।
है व्यवस्था भव्य ।।

# कम मिठाई तौलने पर राजस्थान मिष्ठान पर की गई कार्यवाही



नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

प्रभारी सहायक नियंत्रक नापतौल, (विधिक माप विज्ञान) नर्मदापुरम सलिल ल्यूक ने बताया कि नर्मदापुरम जिले मे नाप तौल विभाग (विधिक माप विज्ञान) के अधिकारी सलिल ल्यूक व रीना शर्मा द्वारा त्यौहार मे विशेष जॉच अभियान के दौरान जिले की मिठाई/बेकरी, हाडवेयर बर्तन दुकान, पेन्ट दुकानो व किराना दुकानो आदि की जॉच की गई। जिसमे नर्मदापुरम मे इन्द्रा चौक में स्थित राजस्थान मिष्ठान पर कम मिठाई तौलने पर विधिक मापविज्ञान अधिनियम 2009 के अंतर्गत कार्यवाही की गई। इसके साथ पिपरिया, सिवनी मालवा व इटारसी मे मिठाई, किराना हाडवेयर व अन्य संस्थानो के विरूद्ध विधिक मापविज्ञान (पैकेज वस्तु नियम) 2011 का उल्लंघन करने पर कार्यवाही कर 12 प्रकरण बनाये गये। नाप तौल अधिकारी सलिल ल्यूक द्वारा जानकारी दी गई कि शोभापुर मे 04 नवम्बर से 07 नवम्बर तक व्यापारिक संस्थाओ के नापतौल उपकरणो के सत्यापन / मुद्रांकन हेतु शिविर का आयोजन किया किया जा रहा हैं। व्यापारिक संस्थाओं जो नाप तौल उपकरणो का उपयोग करते है वह उपकरणो का सत्यापन कार्य शिविर में उपस्थित होकर करा लें।

### संभागायुक्त ने गूगल मीट में नर्मदापुरम, बैतूल एवं हरदा कलेक्टर को दिए निर्देश

# सीपी ग्राम पोर्टल की शिकायतों का निराकरण तत्परता से करें

- नहरो से छोडा पानी टेल एरिया तक अनिवार्य रूप से पहुंचे
- शिविर लगाकर सर्वाइकल कैंसर के बचाव के टीके लगाए जाएं



नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो

सीपीग्राम पोर्टल पर लंबित शिकायतों का निराकरण सभी कलेक्टर्स तत्परता से करें, इसके साथ ही जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का निराकरण भी तेज गति से किया जाए। जनसुनवाई मैं प्राप्त प्रकरण उसी दिन पोर्टल पर अपलोड किए जाएं। उक्त निर्देश नर्मदापुरम संभागायुक्त श्री के जी तिवारी ने गूगल मीट में नर्मदापुरम, बैतूल एवं हरदा कलेक्टर को दिए। संभागायुक्त ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के साथ ही सीपीग्राम पोर्टल की शिकायतें भी महत्वपूर्ण है। 50 दिन से अधिक एवं पुरानी से पुरानी शिकायतों का निराकरण शीघ्र ही करके शिकायत का डिस्पोजल किया जाए। संभागायुक्त ने कहा कि प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई यथा संभव कलेक्टर स्वयं करें। बताया गया कि सीपीग्राम पोर्टल में नर्मदापुरम के 94 शिकायतें लंबित है। सबसे पुरानी शिकायत 2022 की है। बैतूल में 43 शिकायत लंबित है। सबसे पुरानी 2022 की है। हरदा में भी 72 शिकायत लंबित है। सबसे पुरानी 2022 की है। संभागायुक्त ने कहा कि इतने दिनों तक कोई भी शिकायत लंबित रखना ठीक नहीं है। सभी शिकायतें जल्द से जल्द निराकृत की जाए। संभागायुक्त ने आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का भी तुरंत निराकरण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पोषण टेकर एप की भी समीक्षा की, साथ ही निर्देश दिए की सभी आंगनबाड़िया यथा संभव समय पर खुलें। बताया गया कि आंगनबाड़ी समय पर खुलने में संभाग की रेटिंग संतोषजनक नहीं है। इस पर संभागायुक्त ने असंतोष व्यक्त करते हुए सभी आंगनबाड़ियों को निर्धारित समय पर खोलने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देश दिए की आधिकारी गण आंगनबाड़ी का भ्रमण कर अनिवार्य रूप से आंगनबाड़ियों में व्याप्त समस्याओं का निराकरण करें।

संभागायुक्त ने 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीके लगाने के निर्देश दिए और कहां की सभी कलेक्टर्स अपने अपने जिले में शिविर लगाकर सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए बालिकाओं को टीके लगाना सुनिश्चित करें। बताया गया कि अब तक नर्मदा पुर में 238, हरदा में 334, टीके बालिकाओं को लगाए गए हैं। संभागायुक्त ने कहा कि आने वाले समय में यह टीके आने वाली पीढ़ी के लिए एक रक्षा कवच का कार्य करेंगे।

संभागायुक्त ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत पंचायत स्तर पर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए और कहां की हितग्राहियों को अधिक से अधिक इन दोनों बीमा योजनाओं का लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

गूगल मीट में नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना, हरदा कलेक्टर आदित्य सिंह, बैतूल कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी ऑनलाइन एवं संयुक्त आयुक्त विकास जी सी दोहर, संयुक्त संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विभाग बी एल बिलैया ऑफलाइन उपस्थित थे।

#### नहरो से छोड़ा गया पानी टेल एरिया तक पहुंचे

संभागायुक्त ने कहा कि संभागीय जल उपयोगिता समिति की बैठक में निर्धारित हुए समय पर जल संसाधन विभाग ने नहरो से पानी छोड़ा है अब आवश्यकता है कि नहरो से छोड़ा गया पानी टेल एरिया तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि जल संसाधन विभाग एवं एमपीबी पंप के लिए किसानों को अस्थाई कनेक्शन देंगे। संभागायुक्त ने कहा कि अस्थाई कनेक्शन देने में किसी को भी अनावश्यक रूप से परेशान ना किया जाए। उन्होंने संयुक्त रूप से नहरो की पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए और कहां की इस कार्य में कोटवारों को भी शामिल किया जाए। संभागायुक्त ने कहा कि बिजली का कनेक्शन स्थाई हो इसके लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाए। संभागायुक्त ने सभी कलेक्टर्स का निर्देश दिए कि वह वन ग्राम एवं विस्थापित ग्राम में चौपाल लगाए और चौपाल लगाने से पूर्व इसकी सूचना किसी को भी ना दें। आकस्मिक रूप से चौपाल लगाने से कई समस्याएं तत्काल सामने आती हैं।

#### राजस्व अमले को पुनः एक्शन मोड पर लाए

संभागायुक्त ने सोयाबीन उपार्जन आगामी रबी फसलों हेतु सिंचाई एवं खाद की उपलब्धता की स्थिति की जानकारी ली। संभागायुक्त ने आरसीएमएस पोर्टल पर राजस्व प्रकरण के निराकरण एवं लक्ष्य के विरुध राजस्व वसूली की प्रगति की अदयतन स्थिति की समीक्षा की एवं सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वह अपने राजस्व अमले को पुनः एक्शन मोड पर लाए और राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि सभी कलेक्टर्स एक ऐसा सिस्टम डेवलप करें कि राजस्व प्रकरणों की निराकरण की स्थिति पूर्व की तरह तेज गति से होती रहे।

# दिवाली मिलन समारोह में आतिशबाजी कर बिखेरी रोशनी, पटाखे फोड़े



नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

स्थानीय रेस्टोरेंट में सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच के सदस्यों ने उपस्थित होकर भजन कीर्तन गीत गजल आतिशबाजी एवं स्नेहभोज के साथ दिवाली मिलन समारोह मनाया संस्था. के संरक्षक के एस राजपूत ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि संस्था के अध्यक्ष अरुण दीक्षित की यह सराहनीय पहल है जहां हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सभी धर्म के लोगों के बीच यह दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया.इस अवसर पर अशोक दीबोलिया डॉ सुरेंद्र जीत सिंह महेश शर्मा ओपी तिवारी ललित यादव के एन त्रिपाठी डॉ आदिल फ़ाज़ली लखन रघुवंशी मोहम्मद असलम भारती डॉ मयंक तोमर डॉक्टर प्रदीप जैन केके शर्मा बद्री प्रसाद कौरव ओम प्रकाश मालवी अवध नारायण चौहान ओम पुरोहित संजीव शर्मा रामेश्वर पटेल रमेश सोनी आशीष तिवारी अनूप दुबे हेमंत शर्मा प्रदीप द्विवेदी जय बाला निगम के साथ अन्य सदस्य उपस्थित हुए. अंत में इंसान का हो इंसान से भाईचारा यही पैगाम हमारा गीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ.

**सर्व धर्म सद्भाव को लेकर हुआ कार्यक्रम..**

### प्रधान जिला न्यायाधीश ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई

# न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ

**04 नवंबर से 09 नवंबर तक चलेगा कार्यक्रम**



सीहोर, दोपहर मेट्रो

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 09 नवंबर 2024 को विधिक सेवा दिवस के तहत 04 नवंबर से 09 नवंबर तक न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इस सप्ताह का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष

सतीश चंद्र शर्मा द्वारा जिला न्यायालय परिसर से विधिक सेवा जागरूकता बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया गया।

बाईक रैली जिला न्यायालय परिसर से रवाना होकर भोपाल नाका, इंग्लिशपुरा मार्ग, कोतवाली चौराहा, अस्पताल चौराहा से बस स्टैंड होते हुये टाउन हॉल के सामने से जिला न्यायालय परिसर में संपन्न हुई। इसके साथ ही रैली के दौरान तख्तियों एवं विधिक सहायता योजनाओं के पम्पलेट्स वितरण कर विधिक सेवा योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह का उद्देश्य विधिक सेवा योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं योजनाओं का लाभ लेने के संबंध में विहित प्रक्रिया की जानकारी तथा जनसामान्य तक न्याय की पहुँच सुनिश्चित किया जाना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तहसील विधिक सेवा समितियों के द्वारा साप्ताहिक जागरूकता एवं साक्षरता कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जायेगी।

#### प्रकरणों की स्थिति से अवगत कराया

इसके साथ ही सीहोर जिला जेल एवं भैरूंदा सब जेल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। विधिक जागरूकता शिविर में सीहोर जिला जेल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री एमके वर्मा, जेल उप अधीक्षक श्रीमती ज्योति तिवारी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स, पैरालीगल वालेन्टियर्स एवं बंदी उपस्थित रहें। शिविर के दौरान बंदियों की समस्याओं को सुनकर यथोचित निराकरण किया गया एवं उनके प्रकरणों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी, प्रथम जिला न्यायाधीश संजय गोयल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एमके वर्मा, तृतीय जिला न्यायाधीश अभिलाष जैन, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती अर्चना नायडू बोड़े, जिला रजिस्ट्रार एवं वरिष्ठ न्यायिक मजिस्ट्रेट स्वप्नश्री सिंह एवं अन्य न्यायिक अधिकारीगण, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष श्री राधेश्याम यादव, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**मेट्रो एंकर** टिमरनी एसडीएम ने जनपद पंचायत में पदस्थ कर्मचारियों की जाँच के दिए आदेश

# जिसकी नियुक्ति संबंधी नस्ती गायब है वह किसके संरक्षण में कर रहा नौकरी

- जनपद पंचायत टिमरनी की ऑडिट रिपोर्ट में भी आ चुकी है गंभीर आपत्तियां




नर्मदा पुरम, दोपहर मेट्रो

हरदा जिले की जनपद पंचायत टिमरनी में पदस्थ सहायक ग्रेड- 3 कर्मचारी का मामला तूल पकड़ते जा रहा है. इस कर्मचारी की नियुक्ति संबंधी मूल नस्ति ही कार्यालय से गायब है. क्योंकि जिस आधार पर उनकी नियुक्ति हुई है वह आधार ही पात्रता की श्रेणी में आता है. वर्ष 1994 -95 में हुए ऑडिट रिपोर्ट में भी नरवरे को अपात्र घोषित करते हुए उनकी सेवा समाप्त किए जाने की टीप दर्ज की है. साथ ही यह भी लिखा है कि इस अपात्र श्रेणी के कर्मचारी को जिस अधिकारी द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से वेतन दिया गया है उस अधिकारी से उस वेतन की वसूली भी की जाए. 25 वर्ष से भी अधिक का समय हो गया है लेकिन ऑडिट आपत्तियों को लेकर विभागीय अधिकारी द्वारा अपात्र कर्मचारी के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई और ना ही जिस अधिकारी द्वारा अपात्र कर्मचारी को लाखों रुपए का वेतन दिया गया है उस अधिकारी से उस राशि की वसूली भी नहीं की गई. इस मामले की शिकायत कलेक्टर हरदा जिला पंचायत हरदा तथा एसडीएम टिमरनी को लिखित रूप में की गई. विगत दिनों एसडीएम टिमरनी द्वारा इस मामले की जांच को लेकर जनपद पंचायत सीईओ टिमरनी को निर्देशित किया गया है.

देखना है कि जनपद पंचायत अधिकारी द्वारा अपने अधीनस्थ इस कर्मचारी के विरुद्ध क्या कार्रवाई की जाती है.

हैरत की बात तो यह है कि जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जैसे जिम्मेदार अधिकारी भी मामले को लेकर खामोशी की चादर ओढ़ कर बैठे हुए हैं.जब ऑडिट रिपोर्ट में नरवरे की नियुक्ति को अबैध ठहराया गया तो इन्हें तत्काल सेवा से बर्खास्त किया जाना चाहिए था लेकिन नरवरे का पद पर बने रहना किसी आश्चर्य से कम नहीं है.

#### अपात्रों को दिया लाखों का वेतन किस से वसूला जाएगा

हरदा जिले की जनपद पंचायत टिमरनी में सहायक ग्रेड -3 पर पदस्थ कर्मचारी नरवरे की कार्यालय में नियुक्ति संबंधी जानकारी की फाइल गायब है.अपने कार्य में लापरवाही बरतने के कारण नरवरे को एक बार निलंबित भी किया जा चुका है. जनपद पंचायत की ऑडिट रिपोर्ट में भी इस सहायक ग्रेड-3 कर्मचारी की नियुक्ति को अवैध बताया गया है. और पद से हटाने की बात कही गई है. उनके द्वारा जो वेतन प्राप्त किया गया है उसकी वसूली के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं. लेकिन ऑडिट रिपोर्ट की गंभीर आपत्तियों को लेकर विभाग द्वारा आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई.अप्रैल-2024 में सेवा निवृत हुए सहायक ग्रेड -2 मदन तोमर द्वारा जनपद पंचायत के इस मामले को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत कर नरवरे की नियुक्ति के प्रकरण को लेकर अवगत कराया है.

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण




सीहोर, दोपहर मेट्रो

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह के निर्देशानुसार बुधनी विधानसभा उप चुनाव के मतदान के लिए सभी मतदान केंद्रों में आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए बुधनी विधानसभा क्षेत्र के अधिकारियों द्वारा मतदान केद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्र तक पहुंच मार्ग, विद्युत, आवश्यक फर्नीचर, शौचालय तथा पेयजल सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। भैरूंदा जनपद सीईओ श्री प्रबल राय तथा बुधनी जनपद सीईओ श्री देवेश सराठे द्वारा मतदान केंद्र गादर, बाकोट, खड़ियाकुर्मी, चीकली, छाप, नांदनेर सहित अनेक मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही इन अधिकारियों द्वारा एसएसटी चेक पोस्ट का भी निरीक्षण किया गया।

# वाहन चेकिंग: 3 सवारी व नियम पालन नहीं करने वालों के काटे चलान

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

सोमवार को यातायात पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाकर यातायात विभाग के नियमों का पालन नहीं करने वालों दो पहिया, चार पहिया, स्कूल वाहन, आटो की जांच करके चालानी कार्रवाई की यातायात प्रभारी रितेश वाघेला ने बताया कि पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के द्वारा दिए गए आदेश के पालन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक म डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में स्कूल वाहनो की चौकिंग के लिए अभियान चलाकर तथा नाबालिक







बच्चों भी वाहन चलते मिले स्कूल वाहनों के लाइसेंस बीमा फिटनेस परमिट ना होने पर चालानी कार्रवाई की गई नाबालिकों के परिवार जन को बुलाकर बच्चों को बिना लाइसेंस वाहन न देने की समझाइश दी गई और चालान भी बनाए स्कूल वाहन चालकों को भी बताया गया कि वाहन में क्षमता से अधिक बच्चे ना बैठाए, वाहन संबंधी कागजात पूर्ण रखे, वाहन में इमर्जेंसी खिड़की, मेडिकल बॉक्स, अग्नि शमन यंत्र ठीक हो। वाहन चौकिंग के दौरान पीओएस मशीन द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले दस वाहन चालकों से 11300 रुपए का जुर्माना वसूला किया गया साथ ही सभी को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर हिदायत देकर यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी। वहीं यातायात पुलिस की कार्रवाई की जानकारी लगते ही वाहन चालकों में हड़कंप मच गया चालानी कार्रवाई से बचने के लिए रास्ते बदलकर वाहनों ले जाते हुए नजर आए।

## 150 झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई हुई

**विदिशा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेश तिवारी ने बताया कि जिले में झोलाछाप डाक्टरो पर कार्यवाही सतत की जा रही है। अब तक 171 झोलाछाप डाक्टरों पर कार्यवाही की गई पिछले एक सप्ताह में आठ इस प्रकार के डाक्टरो पर कार्यवाही की गई हैं। जिले के सभी नागरिको खासकर मरीजो से स्वास्थ्य विभाग द्वारा अपील की गई है कि नजदीक के शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रो में पहुंचकर चिकित्सकों से इलाज कराएं। सभी स्वास्थ्य केन्द्रो पर निःशुल्क दवाईयों सहित विभिन्न प्रक्रार की जांचो की भी निःशुल्क सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं यदि किसी स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज में चिकित्सकों द्वारा लापरवाही बरती जाती है समय पर मरीज को अटेण्ड नही किया जाता है तो स्थानीय एसडीएम एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के संज्ञान में त्वरित लाए ताकि संबंधित चिकित्सक के खिलाफ कार्यवाही हो और मरीज को समय पर इलाज की सुविधाओं से वंचित ना किया जा सकें।

## किसानों की रबी फसलों के लिए हलाली डेम से आज छोड़ा जाएगा पानी

**विदिशा ।** सम्राट अशोक सागर परियोजना बांध (हलाली डेम) से रबी फसलों के पलेवा व दो सिंचाई के लिए पानी छोड़ने का कार्य विधिवत मंगलवार पांच नवम्बर की पूर्वान्ह 11 बजे से पूजा-अर्चना कर प्रारंभ किया गया।

सलूज में हलाली डेम से पानी छोड़े जाने के उक्त कार्यक्रम शमशाबाद, विदिशा, सांची और बैरसिया विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों उपस्थिति में सम्पन्न होगा की जानकारी कार्यपालन यंत्री रमेश चौहान ने दी है।

### भटकती हुई गौ माता के लिए विशाल गौ शाला का निर्माण

# विधायक ने नव निर्मित गौ शाला पर जाकर की गोवर्धन पूजा









**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

लटेरीनगर में भटकती हुई गौ माता के लिए नगर परिषद द्वारा नगर के समीप एक विशाल गौ शाला का निर्माण किया गया है। आज नव निर्मित गौ शाला पर विधायक उमाकांत शर्मा के निर्देशन में गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। विधायक उमाकांत शर्मा की उपस्थिति में गौशाला पर गोवर्धन पूजा संपन्न हुई।पूजन के बाद विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि गोकुलवासी वर्षा के देवता कहे जाने वाले इंद्र को प्रसन्न करने के लिए प्रत्येक वर्ष उनकी पूजा करते थे, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें ऐसा करने से रोककर गोवर्धन पर्वत की पूजा करने के लिए कहा। इस पर इंद्र ने क्रोधवश गोकुल पर भारी मूसलाधार बारिश करवा दी, जिससे ब्रजवासियों को बचाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने अपने हाथ की कनिष्ठिका (सबसे छोटी अंगुली) पर सात दिन तक गोवर्धन पर्वत को उठाए रखा, तथा सभी ग्रामीणों, गोपी-गोपिकाओं, ग्वाल-बालाओं व पशु-पक्षियों की रक्षा की। सातवें दिन भगवान ने पर्वत को नीचे रखा और सभी गोकुलवासियों को प्रतिवर्ष गोवर्धन पूजा कर अन्नकूट उत्सव मनाने की आज्ञा दी। इसके बाद से ही श्रीकृष्ण भगवान गोवर्धनधारी के नाम से भी प्रसिद्ध हुए और इंद्र ने भी कृष्ण के ईश्वरत्व को स्वीकार कर लिया। कहा जाता है कि कृतज्ञ भक्तों ने तभी से गोवर्धन गिरधारी की कृपा को अविस्मरणीय बनाने के लिए अन्नकूट पर्व मनाने का निश्चय किया। अन्नकूट के कूट का संबंध कहीं न कहीं गोवर्धन पर्वत से भी है।

विधायक ने उमाकांत शर्मा ने समझाया अन्नकूट शब्द का अर्थ - विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि अन्नकूट की थाली में छप्पन भोग होते हैं, क्योंकि इसमें जितनी प्रकार की शाक, भाजी, कन्द, मूल रहते हैं, उनकी संख्या छप्पन तक निश्चित ही पहुंच जाती है। कहीं-कहीं मान्यताओं के अनुसार कुछ भक्तजन छप्पन भोग की व्याख्या सप्ताह के सात दिन और दिन के आठ पहरों के अनुसार करते हैं, मगर यहां असली बात शब्दार्थ नहीं भावार्थ ग्रहण करने की है। अन्नकूट महोत्सव के अन्तर्गन गोवर्धन पूजा पर घर में गोबर से बने गोवर्धन की पूजा प्राचीन समय से चली आ रही है, इस दिन प्रतीकात्मक रूप से गोवर्धन की आकृति बनाई जाती है। गोवर्धन की आकृति के मध्य में दूध, दही रखे जाते हैं और सिर की तरफघी का दीया प्रज्जवलित किया जाता है। विधि-विधान सहित पूजा करने के बाद परिक्रमा लगाई जाती है। इसके बाद घरों में कई प्रकार की शाक मिलाकर सब्जी बनाई जाती है। इसलिए पंचदिवसीय दीपोत्सव का चौथा दिन अन्नकूट का अपना एक अलग महत्व और महिमा है।

श्री शर्मा ने बताया छप्पन भोग के पीछे का रहस्य - विधायक उमाकांत शर्मा ने बताया कि श्रीकृष्ण अन्नकूट के दिन पद्मासन पर विराजमान होते हैं, यह पद्मासन तीन भाग में होता है, पहले भाग में आठ, दूसरे भाग में सोलह और तीसरे भाग में बत्तीस पंखुड़ियां होती हैं, इसी कारण अन्नकूट के अवसर पर छप्पन प्रकार के व्यंजन बनाऐ जाते हैं। नव निर्मित गौ शाला में गोवर्धन पूजा के बाद श्री गोवर्धन महाराज की छप्पन भोग अर्पित किया गए। कार्यक्रम के दौरान विधायक उमाकांत शर्मा अपने अनोखे अंदाज में नजर आए।

विधायक उमाकांत शर्मा ने पाकिस्तान पर चलाए अपने शब्दों के तीर - गोवर्धन एवं गौ पूजा के बाद विधायक उमाकांत शर्मा ने गौशाला पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। श्री शर्मा ने कहा कि पड़ोसी देश पाकिस्तान को मोदी और अमित शाह सपने में दिखाई देते है।आज हमारा भारत देश मोदी जी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है।आज हमारे दुश्मन देश हमसे आंख तक मिलाने से डर रहे हैं। चीन आज पीछे हटने को मजबूर है। हमने अपने जवानों की शहादत का बदला लेने के लिए पड़ोसी देश पर हवाई हमला तक किए हैं।

## शराब दुकानों पर गंदगी मिली तो होगा एक्शन



**विदिशा, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने लंबित आवेदनो की समीक्षा बैठक के दौरान जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया है कि जिले की सभी मदिरा दुकानो के परिसरो में किसी भी प्रकार की गंदगी नहीं पाई जानी चाहिए और न ही दुकानो के समीपवर्ती क्षेत्रो में। कलेक्टर सिंह ने कहा कि यदि किसी मदिरा दुकान के परिसर में गंदगी पाई जाती है तो संबंधित दुकान संचालक पर पेनाल्टी व चालान दोनो कार्यवाहियां एक साथ संपादित की जाएगी।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह को सहायक आबकारी अधिकारी श्री मुकेश मौर्य ने जानकारियां देते हुए अवगत कराया कि जिले में शराब दुकाने रात्रि में 11.30 बजे तक खुले रखने का समय नियत है।

**■ सीसीटीवी भी लगाने के निर्देश**

मदिरा दुकानो के परिसरो में किसी भी प्रकार की गंदगी ना हो, स्वच्छता के सभी आयाम पूरे किए जाए के प्रबंध सुनिश्चित कराते हुए सभी मदिरा दुकान संचालको को मूलभावना से अवगत कराते हुए क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की कोताही ना हो से सचेत किया जाएगा इसी प्रकार सभी मदिरा दुकानो के सीसीटीव्ही कैमरे क्रियाशील रहें ताकि आवश्यक पड़ने पर रिकार्डिंग का अवलोकन सुगमता से उपलब्ध हो सकें।

## युवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की बैठक सम्पन्न



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सोमवार को सिरोंज के हनुमान मंदिर बटैया सरकार ग्राउंड में कुर्मी क्षत्रिय समाज की बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती के उपलक्ष्य में निकलने वाली शोभा यात्रा की तैयारी पर चर्चा हुई। इसके बाद युवा संगठन सिरोंज के नये अध्यक्ष चयन हुआ जिसमें सर्व सम्मति द्वारा महेश कुर्मी को युवा संगठन सिरोंज का अध्यक्ष चुना गया। 8 नंबवर को कुर्मी क्षत्रिय समाज की शोभायात्रा के बाद श्याम बाटिका सिरोंज में मंचीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों द्वारा नए अध्यक्ष को जिम्मेदारी दी जावेगी। कुर्मी क्षत्रिय समाज की 8 नवम्बर को विशाल शोभायात्रा का आयोजन रखा जाएगा जिसमें अतिथि जिला प्रभारी मंत्री लखन पटेल, सांसद डॉक्टर लता वानखेड़े, राष्टीय युवा महासचिव अरुण पटेल, ममता पटेल राष्टीय कोषाध्यक्ष आदि शामिल होंगे। जिसको लेकर समाजजनों ने तैयारियां शुरू कर दीं है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

**मेट्रो एंकर** टीएल बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए कहा

# सीएम हेल्पलाइन मामलों में देरी कदापि न हो शिकायत बंद करने के स्पष्ट कारण भी बताएं

**रायसेन , दोपहर मेट्रो**

टीएल बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों तथा विभिन्न विभागों की गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने विभागवार सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को गंभीरतापूर्वक सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला अधिकारियों से कहा कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर प्रकरणों के निराकरण की जिम्मेदारी ना छोड़े, स्वयं रूचि लेकर प्रकरणों का निराकरण कराएं।

बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में कलेक्टर ने अधिक समयावधि वाले सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों का प्रमुखता के साथ निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही फोर्स क्लोज वाली शिकायतों की भी पुनः समीक्षा कर निराकरण संभव होने पर निराकृत करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि स्पेशल क्लोज यदि आवश्यक है तो उचित कारण का भी उल्लेख किया जाए। वीसी के माध्यम से दुबे ने सभी एसडीएम से राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण की जानकारी लेते हुए प्राथमिकता के साथ भूमि सीमांकन के प्रकरणों में शीघ्र कार्यवाही कर निराकृत करने के निर्देश दिए। साथ ही नामांतरण और बंटवारा के प्रकरणों को भी





निराकृत करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री उन्नत ग्राम योजना अंतर्गत जिले में किए जा रहे सर्वे कार्य की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सिलवानी, गौहरगंज, औबेदुल्लागंज क्षेत्र में सर्वे कार्य धीमी गति से होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित एसडीएम को ग्रामों में भ्रमण कर कार्य की मॉनीटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी 07 नवम्बर तक जिले में सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया जाए, जिससे कि आगे की कार्यवाही की जा सके। कलेक्टर श्री दुबे ने कहा कि जिले में 70 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 76 हजार नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाना है, इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अभियान चलाकर कार्य किया जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया द्वारा वीसी के माध्यम से जनपद सीईओ को ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और निर्माण कार्यो में तेजी लाने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर श्वेता पवार सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे। अनुभागों से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित अन्य अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में सम्मिलित हुए।



# आईपीएल ऑक्शन में पंजाब बिगाड़ेगा खेल, अभी भी 4 आरटीएम कार्ड बाकी

**नई दिल्ली. एजेंसी**

आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन से पहले सभी 10 टीमों ने अपनी रिटेंशन लिस्ट रिलीज कर दी है। टीमें ज्यादा से ज्यादा 6 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती थीं। इसके बावजूद पंजाब ने 2 और बेंगलुरु ने 3 ही खिलाड़ियों को अपने साथ रखा। ऑक्शन में पंजाब के पास सबसे ज्यादा 110.50 करोड़ रुपए का बजट होगा। वहीं, राजस्थान के पास सबसे कम 41 करोड़ रुपए होंगे। पर्स में ज्यादा रकम होने का मतलब साफ है, ऑक्शन के सबसे बड़े खिलाड़ी पर बड़ी बोली लगाकर अपने टीम में शामिल कर लेना और किसी भी खिलाड़ी की बोली को बढ़ा देना।

**राजस्थान ने रिटेंशन पर सबसे ज्यादा खर्च किया :** टीमों को अपनी रिटेंशन लिस्ट जारी करनी थी। सभी टीमों ने प्लेयर रिटेंशन के बारे में जानकारी दे दी। राजस्थान रॉयल्स ने 6 खिलाड़ी रिटेन करने के लिए 79 करोड़ रुपए खर्च किए, इसलिए उनके पास सबसे कम 41 करोड़ रुपए बाकी हैं। हैदराबाद और मुंबई ने 5-5 इंटरनेशनल प्लेयर रिटेन किए, इसलिए उनके पास 45 करोड़ रुपए बाकी हैं।

## 5 टीमों को कप्तान, 4 को विकेटकीपर चाहिए



### पंजाब किंग्स ने 2 ही प्लेयर रिटेन किए

वहीं पंजाब किंग्स ने सबसे कम 2 अनकैप्ड प्लेयर्स 9.50 करोड़ रुपए में रिटेन किए, इस कारण उनके पास ऑक्शन में सबसे ज्यादा 110.50 करोड़ रुपए रहेंगे। पंजाब के पास 4 आरटीएम कार्ड भी मौजूद पंजाब किंग्स ने 2 ही प्लेयर रिटेन किए, इस कारण टीम अब ऑक्शन में स्क्वॉड के 4 खिलाड़ियों को आरटीएम यानी राइट टु मैच कार्ड के जरिए खरीद सकती है। ऑक्शन में बेंगलुरु के पास 3 और दिल्ली के पास 2 आरटीएम कार्ड रहेंगे। हैदराबाद और राजस्थान के पास एक भी ऋक्षरूकार्ड नहीं है, वहीं बाकी 5 टीमों के पास 1-1 आरटीएम कार्ड बाकी है। जिन भी टीमों ने 6 से कम प्लेयर्स रिटेन किए हैं, उन्हें ऑक्शन में राइट टु मैच यानी आरटीएम कार्ड मिलेगा।

### 5 टीमों को कप्तान की जरूरत

रिटेंशन में सबसे चौंकाने वाला फैसला चैंपियन कोलकाता और दिल्ली ने किया। दोनों ने अपने युवा कप्तानों को रिलीज कर दिया। कोलकाता के पास तो आरटीएम कार्ड भी बाकी नहीं है, इसलिए टीम श्रेयस अय्यर को अगर वापस शामिल करना चाहती है तो उन्हें अय्यर पर होने वाली बिडिंग वॉर जीतनी ही होगी। दिल्ली के पास जरूर 2 आरटीएम कार्ड बाकी हैं, इससे टीम ऋषभ पंत को ऑक्शन में उतरने के बाद भी अपने साथ रख सकती है। इनके अलावा बेंगलुरु ने फाफ डु प्लेसिस, लखनऊ ने केएल राहुल और पंजाब ने सैम करन को रिलीज कर दिया। बेंगलुरु में विराट कोहली कप्तानी कर सकते हैं, वहीं बाकी 4 टीमों को कप्तान खरीदना ही होगा।

### 4 टीमों में विकेटकीपर नहीं

मेगा ऑक्शन से पहले 6 ही टीमों ने विकेटकीपर बैटर को रिटेन किया। पंत, राहुल, जोस बटलर, ईशान किशन, फिल सॉल्ट, क्विंटन डी कॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज, ग्लेन फिलिप्स, जॉनी बेयरस्टो और जितेश शर्मा जैसे विकेटकीपर को लेने के लिए ऑक्शन में बड़ी बोली लगेगी। इनमें बेंगलुरु, कोलकाता, गुजरात और मुंबई की टीमें विकेटकीपर के लिए बड़ी बोली लगाएंगी। क्योंकि चारों ने विकेटकीपर रिटेन नहीं किए। वहीं, चेन्नई धोनी के बैकअप को खरीदना चाहेगी। बाकी 5 टीमों को भी बैकअप विकेटकीपर की जरूरत रहेगी। कोलकाता को कप्तान और विकेटकीपर चाहिए श्रेयस अय्यर की कप्तानी में 2024 ढ्ढक्करूकी चैंपियन बनी ष्टयक्रको ऑक्शन में कप्तान की सबसे बड़ी जरूरत है। टीम ने विकेटकीपर बैटर भी रिटेन नहीं किया।

फ्रेंचाइजी क्रिकेट स्टार बल्लेबाज ने दिए संकेत

# किसी और टीम में खुद को नहीं देखता : कोहली

**आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरु के साथ 20 साल पूरे करना है *विराट कोहली* का लक्ष्य**



**बेंगलूरु. एजेंसी**

विराट कोहली को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरु (आरसीबी) ने 21 करोड़ रुपए की फीस पर रिटेन किया है और भारत के स्टार क्रिकेटर ने संकेत दिए कि वह 2027 तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहेंगे जिसमें उनका लक्ष्य आरसीबी के साथ 20 साल पूरे करना है। कोहली 2008 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शुरुआत से ही आरसीबी के लिए खेल रहे हैं और प्रतियोगिता में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शुमार रहे हैं। कोहली ने कहा कि वह खुद को किसी अन्य फ्रेंचाइजी के लिए खेलते हुए नहीं देखते। उन्होंने कहा, मैं आरसीबी के अलावा कहीं और खुद को खेलते हुए नहीं देखता। मैं बहुत खुश हूं कि ऐसा हुआ। मैं बहुत उत्साहित हूं कि मुझे इस नीलामी में एक नई टीम बनाने का मौका मिला। हम टीम के तौर पर इसके लिए उत्साहित हैं। टीम को खिताब दिलाना है कोहली ने साथ ही फ्रेंचाइजी और इसके प्रशंसकों से करीबी रिश्ते की बात की और कहा कि उनका लक्ष्य टीम को खिताब दिलाना होगा। उन्होंने कहा, हर कोई जानता है कि आरसीबी मेरे लिए कितनी अहमियत रखती है। इतने वर्षों का यह विशेष रिश्ता लगातार मजबूत होता जा रहा है। मुझे उम्मीद है कि प्रशंसक और फ्रेंचाइजी से जुड़े सभी लोग भी ऐसा ही महसूस करेंगे। कोहली ने कहा, मैं भी इस चक्र का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। आरसीबी के कोहली को रिटेन करने के बाद फ्रेंचाइजी के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने स्वीकार किया कि उन्हें टीम में बरकरार रखना हैरानी भरा नहीं है क्योंकि वह आगामी वर्षों में आरसीबी की सफलता के लिए अहम होंगे। फ्लावर ने कहा, भारत में विराट को रिटेन करना किसी के लिए भी हैरानी भरा

# दो बार की ओलंपिक पदक विजेता लिली दिल्ली टीम में

**नई दिल्ली. एजेंसी**



दिल्ली एसजी पाइपर्स ने इंग्लैंड महिला हॉकी की मिडफील्डर और स्टार खिलाड़ी लिली ओसली से हॉकी इंडिया लीग के आगामी सत्र के लिए करार किया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता ओसली 28 वर्ष की डच मिडफील्डर शान डि वार्ड की जगह लेंगी जिन्होंने निजी कारणों से नाम वापस ले लिया। ओसली ने रियो 2016 में स्वर्ण और टोक्यो 2020 में कांस्य पदक जीता था । उन्होंने 2022 बर्मिंघम और 2014 ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता था।

**अनुभव और नेतृत्व क्षमता-** दिल्ली के कोच डेव स्मोलेनार्स ने एक बयान में कहा, शान डि वार्ड का ना होना हमारे लिए बड़ा झटका है, लेकिन ओसली

# कोच पेप गार्डियोला ने जताई चिंता दर्द में खेल रहे हैं हमारे खिलाड़ी

**मैनचेस्टर. एजेंसी**

इंग्लिश प्रीमियर लीग क्लब मैनचेस्टर सिटी के कोच पेप गार्डियोला टीम के चोटिल खिलाड़ियों को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा, फिट खिलाड़ी भी मैच के दौरान दर्द में खेल रहे हैं और टीम अब चोटिल खिलाड़ियों की आपात स्थिति का सामना कर रही है। गार्डियोला ने कहा, मुझे कई खिलाड़ियों के अगला मैच खेलने पर संदेह है। टोटेनहैम से ईएफएल कप मैच में मिली हार के बाद टीम फिटनेस समस्याओं से जूझ रही है। मैनचेस्टर सिटी की टीम यूएफा चैंपियंस लीग में अब तक खेले तीन में से दो मैच जीतकर सात अंकों के साथ तीसरे नंबर पर चल रही है।

**टीम के पास केवल 13 फिट खिलाड़ी:** गार्डियोला ने कहा, सविन्हो टखने की चोट से जूझ रहे हैं, जबकि मैनुअल अकंजी को वॉर्म-अप के दौरान काल्फ इंजरी हो गई। अब हमारे पास केवल 13 फिट खिलाड़ी हैं। इनमें से रोड्री और ऑस्कर बॉब जैसे स्टार खिलाड़ी लंबे समय से क्लब के लिए उपलब्ध नहीं हैं। वहीं केविन डी ब्रूएन, काइल वॉकर, जेरेमी डोकू, जैक ग्रीलिश, अकंजी और जोस्को भी फिटनेस समस्याओं से जूझ रहे हैं। गार्डियोला ने 22 बार के ग्रैंड स्लेम चैंपियन राफेल नडाल का उदाहरण देते हुए कहा कि केवल फुटबॉलर ही दर्द के बावजूद मैदान पर नहीं उतरते। नडाल अपने पूरे करियर में दर्द के साथ खेले और जीते।



मैनचेस्टर सिटी टीम के ज्यादातर खिलाड़ी जूझ रहे दर्द से

*मैनचेस्टर सिटी के सविन्हो मैच के दौरान चोटिल होने के बाद दर्द से कराहते हुए। उन्हें टखने में चोट आई है।*



## मेट्रो बाजार

# चीन दुनियाभर में सस्ती ईवी से पैठ बढ़ा रहा; लागत 30% कम

**नईदिल्ली. एजेंसी**

ऑटोमोबाइल के सबसे बड़े बाजार चीन ने दुनियाभर की ऑटो इंडस्ट्री में तहलका मचा दिया है। यूरोप की फॉक्सवैगन, मर्सिडीज-बेंज, एस्टन मार्टिन, बीएमडब्ल्यू जैसी कंपनियों को अपनी पेट्रोल और ईवी कारें चीन में बेचने में पसीना आ रहा है। वहीं चीन अपनी सस्ती ईवी कारों की पैठ दुनियाभर में बढ़ाता जा रहा है। हालात ये हैं कि चीन में यूरोपीय कंपनियां दम तोड़ रही हैं। जर्मन कंपनी फॉक्सवैगन की चार दशक की बादशाहत ध्वस्त होने की कगार पर है। कंपनी की इस साल वहां बिक्री 10 फीसदी से अधिक घटी है। कंपनी की 30 फीसदी आय चीन से होती है, लेकिन जुलाई-सितंबर तिमाही में मुनाफा 64 फीसदी तक गिर गया। कंपनी 87 साल में पहली बार जर्मनी में 3 कारखाने बंद करने जा रही है। चीन में भी प्रोडक्शन घटाना पड़ रहा है। ऑटो इंडस्ट्री में आए इस बदलाव का कारण चीन की आक्रामक नीति है। दरअसल चीन के सरकारी बैंक और अन्य सरकारी उपक्रम स्थानीय ऑटो कंपनियों को भारी सब्सिडी दे रहे हैं। इससे लागत घट रही है। अल्फावैल्यू के एनालिस्ट एड्रियन ब्रासी के मुताबिक, सब्सिडी के चलते चीनी कारों की लागत 30 फीसदी कम है। इलेक्ट्रिक कारें 50 फीसदी तक छूट पर उतारी जा रही हैं। चीन में ऑटोमोबाइल निर्माताओं के संगठन सीएएएम के अनुसार, बीते साल 3 करोड़ से अधिक



कारें बनीं। 52 लाख निर्यात हुईं। हालांकि, चीन का निर्यात उस प्रारंभिक स्थिति में है, जहां कोरियाई कंपनी ह्युंडई 70 के दशक में थी। चीन ने 2000 में ईवी पर शिफ्ट होने की आक्रामक नीति बनाई। उसे अहसास हो गया था कि वह पेट्रोल-डीजल कारों में अमेरिकी, जर्मन, कोरियाई, जापानी कंपनियों को मात नहीं दे पाएगा। ऑटो इंजीनियर से मंत्री बने वान गैंग ने 2009 से ईवी कंपनियों को सब्सिडी देनी शुरू की। 2022 तक 2.5 लाख करोड़ रु. से अधिक मदद दी गई। आज दुनिया की 50 फीसदी से अधिक ईवी चीन में बिकती हैं। 2020 से 2023 के बीच घरेलू बाजार के बाहर चीनी कारों की बिक्री 5.4 गुना बढ़ी।

# बफे ने एपल में अपनी 25 % हिस्सेदारी बेची

**नईदिल्ली. एजेंसी**

अमेरिकी अरबपति और निवेशक वॉरेन बफे की कंपनी बर्कशायर हैथवे ने आईफोन बनाने वाली एपल में एक बार फिर अपनी हिस्सेदारी 25 फीसदी बेच दी है। इस बिकवाली के बाद वॉरेन बफे का कैश स्टॉक थर्ड क्वार्टर में बढ़कर रिकॉर्ड 325.2 बिलियन डॉलर (करीब 27.36 लाख करोड़ रुपए) हो गया है। बर्कशायर हैथवे ने स्टेटमेंट में इस बात की जानकारी दी है। तीसरे क्वार्टर में कंपनी की एपल में हिस्सेदारी अब 69.9 बिलियन डॉलर रह गई है। दूसरे क्वार्टर में यह 84.2 बिलियन डॉलर थी। बर्कशायर ने पहली बार 2016 में एपल में अपनी हिस्सेदारी का खुलासा किया था।



2021 के आखिरी तक बर्कशायर के पास 31.1 बिलियन डॉलर की वैल्यू के 908 मिलियन एपल शेयर्स थे। तीसरे क्वार्टर में बर्कशायर शेयरों की नेट सेलर रही है। कंपनी ने सितंबर तक तीन महीनों में 34.6 बिलियन डॉलर की नेट सेलिंग की है। बफे ने तीन महीने पहले भी एपल में अपनी करीब 50 फीसदी हिस्सेदारी बेच दी थी। इस बिकवाली के बाद तब बफे का कैश स्टॉक बढ़कर 276.9 बिलियन डॉलर हो गया था। वहीं दूसरी तिमाही में एपल में ओमाहा नेब्रास्का बेस्ड ग्रुप बर्कशायर का निवेश 84.2 बिलियन डॉलर बचा था। पहली तिमाही के अंत में बफे के पास एपल के 135.4 बिलियन डॉलर के शेयर्स थे।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# भूल भुलैया 3 के 'रूह बाबा' बोले- पहली कार से बहुत लगाव था...



भूल भुलैया 3 अभिनेता कार्तिक आर्यन उर्फ रूह बाबा ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अपनी पहली कार को लेकर ऐसी बात बोली, जिसे सुनकर कोई भी भावुक हो जाएगा। कार्तिक ने अपनी पहली कार की कहानी सुनाई और बताया कि जब उन्होंने कुछ समस्याओं के कारण इसे बेच दिया था, तो उन्हें कैसा महसूस हुआ था। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी चर्चित हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। फिल्म में दर्शकों को कार्तिक द्वारा निभाया गया रूह बाबा का किरदार बेहद पसंद आ रहा है। कार्तिक ने इस फिल्म से पहले भूल भुलैया 3 में रूह बाबा बनकर दर्शकों का दिल जीता था। हाल ही में एक इंटरव्यू में कार्तिन ने अपनी पहली कार को लेकर कई खुलासे किए, जिसे सुनकर कोई भी हैरान हो जाएगा। कार्तिक आर्यन अक्सर कारों के प्रति अपने जुनून को जाहिर करते रहे हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने अपने लिए खरीदी गई पहली कार की कहानी साझा की। रूह बाबा ने अपनी थर्ड-हैंड कार के बारे में कई बाते बताई, जिसकी कीमत उन्हें लगभग 50,000 रुपये पड़ी। उन्होंने बताया कि कार में एक अच्छा म्यूजिक सिस्टम था और उन्हें इसमें लंबी ड्राइव करना अच्छा लगता था, लेकिन मानसून के दौरान इसमें से पानी टपकने लगता था और उनके सिर पर पानी गिर जाता था। आखिरकार, उन्हें इसे देना पड़ा क्योंकि इसकी मरम्मत नहीं की जा सकती थी, जो उनके लिए बेहद ही इमोशनल पल था। कार्तिक ने बताया कि उनकी कार को थर्ड-हैंड माना जाता था क्योंकि जिस व्यक्ति ने उन्हें यह कार बेची थी, उसने मूल रूप से इसे सेकंड-हैंड खरीदा था। उन्होंने बताया कि यह टोयोटा कोरोला थी, लेकिन बहुत खराब हालत में थी। ड्राइवर की तरफ का दरवाजा नहीं खुलता था, जिससे उसे ठीक करना असंभव था। कार्तिक ने उस कार में बिताए अपने मजेदार पलों को याद किया, खास तौर पर उसमें लगे म्यूजिक सिस्टम की तारीफ की। उन्हें इस गाड़ी से बहुत लगाव है और मुश्किल समय में वे अक्सर इसमें लंबी ड्राइव करते हैं। जब कार बेचने का समय आया तो उन्होंने स्वीकार किया कि वे काफी भावुक थे। इसे बेचने के बजाय, उन्होंने इसे किसी ऐसे व्यक्ति को देने का फैसला किया जिसे इसकी जरूरत थी। बहरहाल, अब कार्तिक के पास कई महंगी और लग्जरी कार हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कार्तिक के पास अब लैम्बोर्गिनी, रेंज रोवर, मैकलारेन और मिनी कूपर है।

## नीतू बोलीं- बेटी रिद्धिमा बनतीं अभिनेत्री तो ऋषि खुद को मार डालते

इन दिनों नीतू कपूर और दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर की बेटी और रणबीर कपूर की बहन रिद्धिमा कपूर लाइमलाइट में बनी हुई हैं। वह नेटफ्लिक्स के शो 'फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स' के तीसरे सीजन में नजर आईं। हाल ही में नीतू कपूर ने भी अपनी बेटी के अभिनय और हीरोइन बनने की ख्वाहिशों के बारे में एक इंटरव्यू में बताया। रिद्धिमा कपूर के बारे में नीतू बताती हैं, वह बहुत ही सुंदर और हुनरमंद लड़की रही है। वह बहुत अच्छी मिमिक्री करती है। उसने बचपन में ही सोच लिया था कि हीरोइन बनेगी, अभिनय के क्षेत्र में जाएगी। लेकिन वह कभी इस बात को अपने पिता के सामने नहीं कह पाई। उसने अपने पिता की खुशी और सुकून के लिए अपना सपना पूरा नहीं किया। आगे चलकर भी उसने एक्टिंग करने के बारे में नहीं सोचा। वह अभिनेत्री बनने के बजाय फैशन डिजाइनर बन गई। इस प्रोफेशन के लिए ऋषि ने उसे खुशी-खुशी लंदन भेज दिया। नीतू आगे बताती हैं, असल में ऋषि, रिद्धिमा को लेकर बहुत ही प्रोटेक्टिव रहे, इसलिए भी वह नहीं चाहते थे कि रिद्धिमा फिल्मों जाए। अगर रिद्धिमा जिद करती एक्ट्रेस बनने की तो शायद ऋषि खुद को ही मार डालते। वह रिद्धिमा से इस बात को लेकर काफी नाराज होते।



## 'सिंघम अगेन' में अर्जुन कपूर की अदाकारी को मिल रही है तारीफ....



अर्जुन कपूर को उनकी हालिया रिलीज फिल्म 'सिंघम अगेन' के लिए काफी तारीफें मिल रही हैं। इस बीच उनकी बहन और अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने भी सोशल मीडिया पर अपनी राय साझा की है। हालिया रिलीज रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। इस फिल्म में फैंस को अर्जुन कपूर का अभिनय काफी पसंद आ रहा है। इस फिल्म में वह पहली बार एक खलनायक के किरदार में नजर आए हैं। फिल्म में डेंजर लंका के किरदार में नजर आए अर्जुन को लगातार लोगों से तारीफें मिल रही हैं। इस बीच अब उनकी बहन जान्हवी कपूर ने भी उनकी तारीफ करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर एक खास पोस्ट साझा किया है। जान्हवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए प्रतिक्रिया दी। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए इमोजी साझा किया है। इसमें उन्होंने फायर इमोजी का उपयोग किया। इससे पहले अर्जुन कपूर ने भी फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए एक नोट लिखा, पंद्रह महीने पहले रोहित सर ने मुझे इस अविश्वसनीय भूमिका के लिए चुना और उस पल से, मैंने खुद को यह सुनिश्चित करने के लिए समर्पित कर दिया कि मैं उन्हें, सिंघम के फैंस को या अपने दर्शकों को निराश न करूं।

# प्रिंटिंग प्रेस संचालक ने फांसी लगा कर दी जान, नहीं मिला सुसाइड नोट



भोपाल, दोपहर मेट्रो।

गौरीशंकर आवासीय परिसर कटारा हिल्स में रविवार देर रात प्रिंटिंग प्रेस संचालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार कुलदीप सिंह रावत पिता भगवत सिंह रावत (47) एलआईजी 11/208, गौरीशंकर कौशल आवासीय परिसर में रहते थे। उनका एमपी नगर में प्रिंटिंग प्रेस का काम है। कुलदीप यहां पत्नी और बेटा बेटी के साथ रह रहे थे। परिजन ने बताया कि रविवार रात वह प्रिंटिंग प्रेस से लौटे और अपने कमरे में चले गए। उनका बेटा कमरे के बाहर पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाज देने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो बेटे ने पीछे वाली गैलरी की खिड़की से देखा था। इस दौरान कुलदीप सिंह दुपट्टे के फंदे पर लटके नजर आए। बेटे ने ऊपर एलआई11/310 में रहने वाले अंकल शशिकांत तिवारी को घटना की जानकारी दी। शशिकांत मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़ा गया। इधर सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल का निरीक्षण करने पर सुसाइड नोट नहीं मिला है।

**किसी से नहीं रखते थे मतलब:** शशिकांत तिवारी ने पुलिस को बताया कि कुलदीप सिंह आसपास लोगों से ज्यादा बातचीत नहीं करते थे। उनके बच्चे और पत्नी भी किसी से ज्यादा बातचीत नहीं करते थे। परिवार में कभी किसी तरह का विवाद नहीं हुआ। परिजन ने बताया कि कुलदीप अक्सर शराब पीकर घर आते थे। रविवार को भी वह नशे में ही घर आए थे। इसके बाद उन्होंने पत्नी को आवाज देकर कमरे में बुलाया, लेकिन बच्चों के काम में व्यस्त होने के कारण उन्हें कुलदीप के पास पहुंचने में देरी हो गई। तब तक कुलदीप फांसी लगा चुके थे।

## हेलीपेड के पास बैठकर शराब के साथ युवक ने जहर पीया, मौत



नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित ग्राम रुनाहा में हेलीपेड के मैदान पर शराब पी रहे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पर पहुंची पुलिस ने युवक की लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। मृतक की जेब से गेहूं में रखने वाली जहरीली गोली जब्त की है। साथ ही पास में पड़ी शराब की क्वार्टर भी जब्त की। अनुमान है कि उसने शराब में मिलाकर जहर पीया है। पुलिस के अनुसार शैलेंद्र प्रजापति पिता देवीराम प्रजापति (27) गांव आकिया में रहता था। वह मिट्टी के बर्तन और प्रतिमा बनाता था। उसकी करीब 7 साल पूर्व शादी हुई थी। शादी के बाद पति पत्नी में अनबन होने लगी और पत्नी ने उसे छोड़ दिया था। शैलेंद्र अपने पिता देवीराम और भाई रवि प्रजापति के साथ रह रहा था। पत्नी के जाने के बाद वह शराब पीने का आदी हो गया था और तनाव में रहने लगा था। रवि ने बताया कि रविवार रात शैलेंद्र घर से निकला था। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने उसे कॉल कर बताया कि रुनाहा हेलीपेड के मैदान पर शैलेंद्र अचेत अवस्था में पड़ा है। वह मौके पर पहुंचा तो शैलेंद्र की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही पुलिस भी पहुंच गई और शव पीएम के लिए भेजा गया। पुलिस का कहना है कि मृतक की तलाशी लेने पर सुसाइड नोट नहीं मिला है। भाई और पिता से प्रारंभिक पूछताछ के बाद अनुमान लगाया जा रहा है कि पत्नी के छोड़कर जाने से वह दुखी था।

## इधर, आम के पेड़ पर युवक ने लगाई फांसी



बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव डंगरौली में एक युवक ने आम के पेड़ पर फांसी लगा ली। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उसकी पत्नी से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। पुलिस को मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार बलवीर अहिरवार पिता धनसिंह अहिरवार (32) गांव डंगरौली में रहता था और खेती किसानी करता था। उसके तीन बच्चे हैं। बलवीर के पिता धनसिंह अहिरवार ने बताया कि बलवीर की बहू से अक्सर कहासुनी होती रहती थी। रविवार को भी कहासुनी हुई थी। इसके बाद वह घर से निकल गया। परिजन उसकी तलाश करने निकले। इस दौरान रात करीब ढाई बजे परिजन ने उसकी लाश घर से कुछ दूरी पर आम के पेड़ पर लटकी देखी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी। मृतक की तलाशी ली गई, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला।

# डकैती के मामले में फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

**सीहोर में बैंक डकैती के मामले में जमानत पर हुए रिहा, कोर्ट पेशी छोड़कर फरारी काट रहे थे बदमाश**

कटारा हिल्स पुलिस ने रामायण हाईट्स में पहचान छिपाकर रहे डकैती के मामले में फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने वर्ष 2015 में बख्तरा में एसबीआई बैंक के गार्ड पर फायर कर डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। शाहगंज पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी थी। वर्ष 2016 में उन्हें कोर्ट से जमानत मिल गई। जमानत मिलने के बाद आरोपी कोर्ट पेशी नहीं जा रहे थे और कटारा हिल्स स्थित रामायण हाईट्स में ईडब्ल्यूएस मकान में किराए से रह रहे थे। पुलिस के अनुसार अटलांटिस मार्केट में चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध नजर आए। वे पुलिस को देखकर छिपकर भागने का प्रयास करने लगे। संदेह होने पर पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम उत्तम गिरी पिता हल्के गिरी (45) ग्राम तामोट, औबेदुल्लागंज रायसेन और कल्लू उर्फ कमलेश विश्वकर्मा पिता गुलाब सिंह (24) गांव तामोट, औबेदुल्लागंज, जिला रायसेन बताया।

**रक्षा एप्प में मिला रिकार्ड:** संदिग्धों के नाम रक्षा एप्प में सर्च किए गए तो पता चला कि आरोपियों ने वर्ष 2015 में बख्तरा के एसबीआई बैंक में गार्ड पर फायर कर डकैती की थी। उन्हें शाहगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वर्ष 2016 में कोर्ट से जमानत मिली। आरोपी कोर्ट पेशी नहीं जा रहे थे और फरारी काट रहे थे। वर्ष 2020 में कटारा हिल्स पुलिस ने उन्हें केबल चोरी के मामले में गिरफ्तार किया था। उस समय पूछताछ में आरोपियों ने डकैती की करने की बात छिपाई थी। उस समय रक्षा एप्प भी नहीं था लिहाजा पुलिस ने उन्हें कोर्ट में पेश कर दिया था। उक्त प्रकरण में भी उन्हें जमानत मिल गई थी।

**एक-एक हजार का था इनाम घोषित:** आरोपियों की गिरफ् तारी नहीं होने के कारण सीहोर एसपी ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक एक हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। पुलिस अब आरोपियों के मकान मालिक पर भी कार्रवाई करेगी। दरअसल, आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को मकान किराया पर दिया गया था। थाना पुलिस को रेंट एग्रीमेंट के साथ किरायानामा भी नहीं दिया गया था।

### छत पर कपड़े सुखाते समय 9 दिन पहले हुआ था हादसा

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से झुलसी महिला की मौत

भोपाल, दोपहर मेट्रो।



निशातपुरा की रतन कॉलोनी में छत पर कपड़े सुखाते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलसी महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। करीब 9 दिन से महिला जिंदगी और मौत के बीच झूल रही थी। हमीदिया अस्पताल में महिला का इलाज चल रहा था। इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने विजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया था। लोगों का कहना था कि अक्सर यहां एचटी लाइन की वजह से हादसे होते रहते हैं। पुलिस के मुताबिक रतन कॉलोनी में परिवार सहित रहने वाले विनोद जौहरे सब्जी का ठेला लगाते हैं। विगत 27 अक्टूबर की सुबह वह अपने काम पर चले गए थे जबकि घर में उनकी पत्नी किरण जाटव (40) और दोनों बेटे थे। किरण जाटव घर की छत पर ही धुले कपड़े सुखाने के लिए डाल रही थीं। उसी दौरान गीले कपड़ों में एचटी लाइन का करंट आने से वह गंभीर रूप से झुलस गईं। महिला करीब 50 प्रतिशत तक बुरी तरह झुलस गई थी। सोमवार सुबह इलाज के दौरान किरण जाटव की मौत हो गई।

## अज्ञात वाहन ने युवक को मारी टक्कर, मौत




**भोपाल।** सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित भोपाल विदिशा रोड पर कलारी के सामने अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, वहां पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। सूखीसेवनिया निवासी 27 साल का कैलाश पिता स्वर्गीय हरनाम आदिवासी प्राइवेट काम करता था और शराब पीने का आदी था। रविवार रात करीब साढ़े 9 बजे के आसपास वह कलारी गया था। इस दौरान कलारी के सामने भोपाल-विदिशा रोड पर उसे किसी अज्ञात वाहन टक्कर मार दी।

## स्पोर्ट्स बाइक से गिरी चार महीने की मासूम, मौत

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित गांव कुटकीपुरा में स्पोर्ट्स बाइक से गिरकर चार महीने की मासूम की मौत हो गई। मां और पिता का कहना है कि बरखेड़ीदेव जाते समय उनकी बाइक को सामने से आ रही काले रंग की आल्टो कार ने टक्कर मारी है। बाइक पर किसी भी तरह के डेंट नहीं मिले है। इसके अलावा बाइक सवार दंपती को भी चोट नहीं आई है। पुलिस को मामला संदिग्ध लग रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार भगवान सिंह मोंगिया गांव भवास, जिला राजगढ़ के रहने वाले हैं और मेहनत मजदूरी करते हैं। रविवार को वह पत्नी के साथ बरखेड़ीदेव भाईदूज के मेले में शामिल होने जा रहे थे। दंपती स्पोर्ट्स बाइक पर थे और उनके साथ चार महीने की बच्ची अनन्या मोंगिया था। अनन्या मां की गोद में बैठी थी। भगवान सिंह ने बताया कि कुटकीपुरा गांव पहुंचते ही दोपहर करीब तीन बजे सामने से आ रही काले रंग की आल्टो कार ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मां की गोद में बैठी अनन्या नीचे गिर गई। सिर के बल गिरने के कारण उसकी मौत हुई है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके अलावा स्पोर्ट्स बाइक देखी तो बाइक में कभी भी टक्कर के निशान नहीं मिले है। टक्कर लगने से बाइक गिरी भी नहीं और दंपती के शरीर पर भी चोट नहीं है।

## नाबालिग ने सूने घर से नगदी व जेवरात उड़ाए, चोरी के पैसों से खरीदा आईफोन

### संदेह होने पर पुलिस ने पूछताछ कर किया खुलासा

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

बागसेवनिया थाना क्षेत्र के अमराई परिसर में एक नाबालिग ने अपनी बहन के मकान मालिक की अलमारी से नगदी व जेवरात सहित लाखों का माल चुरा लिया। खुलासा उस समय हुआ जब मकान मालिक ने अलमारी चैक की। फरियादी ने घटना की शिकायत थाने में कर दी। जांच के दौरान संदेही नाबालिग से पूछताछ की गई तो उसने चोरी करना स्वीकार ली। पुलिस ने बताया कि नाबालिग आरोपी ने चोरी के पैसों से एक आईफोन खरीद लिया था और जेवरात बेचने की फिराक में था। लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर चोरी के जेवरात बरामद कर लिए। पुलिस के मुताबिक अमराई परिसर निवासी हितेश कुमार यहां अपने परिवार के साथ रहते हैं और प्राइवेट काम करते हैं। मकान की ऊपरी मंजिल पर उनका परिवार रहता है जबकि नीचे के तल पर किराएदार दंपति रहते हैं। किराएदार महिला का मायका भी पास में ही है। इसी कारण महिला का नाबालिग भाई अक्सर अपनी बहन के घर आता-जाता रहता था। वह मकान मालिक का भी परिचित था। बताया जा रहा है कि धनतेरस से एक दिन पहले नाबालिग फरियादी हितेश कुमार के घर आया था। किसी कारणवश हितेश और उनकी पत्नी घर से बाहर गए हुए थे। उसी दौरान नाबालिग ने अलमारी में रखा सोने का हार, सोने की चेन व अंगूठी सहित एक लाख की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। मामले का ुलासा होने पर नाबालिग के कब्जे से चोरी की रकम से खरीदा आईफोन व उसकी निशानदेही पर जेवरात भी बरामद कर लिए हैं।

## सोशल मीडिया पर पूर्व सीएम और आईपीएस के वीडियो वायरल करने वाला गिरफ्तार

**एडिट कर वीडियो करता था वायरल, लाइक और व्यूह से कर रहा था कमाई**

**भोपाल।** सोशल मीडिया पर पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व आईपीएस अधिकारियों के वीडियो वायरल करने वाले आरोपी को क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी वीडियो को एडिट कर सोशल मीडिया पर अपलोड करता था। वीडियो पूर्व मुख्यमंत्री व आईपीएस अधिकारियों से जुड़े होने के कारण लोग अधिक देखते थे और शेयर करते थे। इससे आरापी को मोटी रकम मिल रही थी। एडिशनल डीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि यू ट्यूब पर पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व आईपीएस के वीडियो वायरल होने की शिकायत मिली थी। विशेष टीम का गठन किया। पुलिस ने शाकिर खान उर्फ पाजी पिता नेक मोहम्मद (20) निवासी गांव लहाडपुर, तहसील कल्लौद जिला खंडवा को गिरफ्तार किया। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि वह वह खेती किसानी करता है। इसके साथ ही बीए सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रहा है। छह महीने से वह वीडियो एडिट कर उसे यू ट्यूब पर अपलोड कर रहा था। इन फर्जी वीडियो से लाइक और व्यूज मिल रहे थे। इससे उसकी अच्छी कमाई हो रही थी। आरोपी अब तक तीन सौ से अधिक वीडियो एडिट कर यू ट्यूब पर अपलोड कर चुका था। क्राइम ब्रांच ने उसके अकाउंट से 9 हजार रुपए जब्त किए है।

## पटाखे जलाने के विवाद पर हवाई फायर

**भोपाल।** पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित लक्ष्मी नगर में दीवाली की रात दो पड़ोसियों में पटाखे जलाने की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बड़ने पर पड़ोसियों में झूमाझटकी शुरू हो गई। इसी बीच एक पक्ष की ओर से हवाई फायर किया गया था। हालांकि उस समय दोनों पक्ष थाने पहुंचे थे, लेकिन फायर की बात पुलिस तक नहीं पहुंची। दोनों पक्षों ने थाने में एक दूसरे से समझौता भी कर लिया। अब सीसीटीवी कैमरे का फुटेज सोशल मीडिया वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक युवक हवाई फायर करते हुए नजर आया है। अब पुलिस फायर करने वाले युवक की पहचान कर उस पर एफआईआर दर्ज करेगी। पुलिस का कहना है कि जब विवाद थाने पहुंचा था तब गोली चलने की बात सामने नहीं थी। आई थी और फरियादी ने लिखित में दिया था कि वो किसी तरह की कार्रवाई नहीं चाहते है, लेकिन अब हवाई फायरिंग का वीडियो सामने आया है। पुलिस मामले में कार्रवाई करेगी। आरोपी का नाम दिनेश सिंह बताया जा रहा है।




**मेट्रो एंकर** बैट्री से लाइट चलाकर खेल रहे थे जुआ, दो लाख 25 हजार की नगदी जब्त

## जंगल में चल रही थी जुए की फड़, दो दर्जन गिरफ्तार

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

गांधी नगर पुलिस ने सोमवार तड़के बिशनखेड़ी के जंगल में जुआ खेल रहे दो दर्जन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। हारजीत का दाव लगा रहे जुआरियों से 2 लाख 25 हजार की नगदी और ताश की गड्डी जब्त की गई। आरोपी बैट्री व मोबाइल के टार्च की रोशनी में जुआ खेल रहे थे। अधिकांश जुआरी आदतन है और पूर्व में भी जुआ एक्ट में पकड़े जा चुके हैं। पुलिस के अनुसार सोमवार तड़के करीब 4 बजे सूचना मिली कि बिशनखेड़ी के जंगल में जुए की फड़ बैठी है। सूचना मिलते ही पुलिस ने टीम ने इलाके की घेराबंदी कर दबिश दी। पुलिस को देखते ही जुआरियों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन घेराबंदी ठीक होने के कारण सभी जुआरियों को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने मौके से दो दरी बिछाकर बैठे जुआरियों से, बैट्री, इमरजेंसी लाइट और मोबाइल जब्त किए है। इसके अलावा 2 लाख 25 हजार रुपए ताश की गड्डी जब्त की।



थाना प्रभारी अयाज चांदा ने बताया कि सभी जुआरी अपने अलग-अलग वाहनों से जंगल पहुंचे थे। जुए की महफिल पिकनिक मनाने के बहाने जमाई गई थी। जुआ खेलने पहले नानवेज पार्टी भी हुई।

**इन आरोपियों पर हुई कार्रवाई:** हितेश चंदानी (28) निवासी ओल्ड स्टेशन रोड बैरागढ़, जयेश रामानी (27) निवासी आरा मशीन रोड बैरागढ़, विजय राजपूत (25) निवासी टेकरी के पास बैरागढ़, अजय खरे (32) निवासी तुलसी नगर हबीबगंज, राकेश राजगुरु (43) निवासी ओल्ड बी बैरागढ़, विनोद चेनानी (29) निवासी अर्जुन वार्ड गांधी नगर, हर्ष ाागचंदानी (34) निवासी जेल रोड गांधी नगर, अमित वर्मा (30) निवासी मुर्गी बाजार शाहजहांनाबाद, आकाश वरदेल (29) निवासी सीआरपी फाटक बैरागढ़, हर्षदीप पारोचे (30) निवासी कै प नंबर 12 बैरागढ़, दिनेश तेजवानी (31) निवासी अर्जुन वार्ड गांधी नगर, राहुल सिंह (28) निवासी अब्बास नगर गांधी नगर, सतीश करोसिया (38) निवासी कै प नंबर 12 बैरागढ़, मनोज अहिरवार (40) निवासी बैरागढ़ कला, हनी खुशलानी (29) निवासी बैरागढ़, अजीत ढलानी (39) निवासी बैरागढ़, असलम खान (32) निवासी गांधी नगर, अजीत जानी (40) निवासी बैरागढ़, गोविंद भावनानी (30) निवासी बैरागढ़, मुकेश सिंह (37) निवासी कैलाश नगर, अनूप छपरवाल (28) निवासी शिवाजी वार्ड गांधी नगर, शिवम सोनी (29) निवासी बैरागढ़ कला, राकेश खुशलानी (29) निवासी बैरागढ़ व विकास कसौले (29) निवासी झुग्गी बैरागढ़ बताए गए हैं।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022